इंदौर
शनिवार
21 नवंबर 2026
वर्ष- 22 • अंक 157

दोपहर दैनिक

सिटी ब्लास्ट


स्कैन करें, ई-पेपर पढ़ें

मूल्य 2 रुपए • पृष्ठ 12

निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

epaper.cityblast.in





मां की अंतिम विदाई में रो पड़े योगी

बार-बार आंसू पोंछते रहे

रात भर मां के पार्थिव शरीर के पास ही रहे

अन्न-जल तक नहीं लिया

पौड़ी ● एजेंसी

उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी की मां सावित्री देवी की अंतिम यात्रा आज सुबह जब शुरू हुई तो योगी ने मां के पार्थिव शरीर को कंधा दिया। अंतिम यात्रा शुरू होते ही योगी भावुक हो गए। वे मां के अंतिम दर्शन करके रो पड़े। वे रातभर मां के पार्थिव शरीर के पास रहे। उन्होंने रातभर अन्न-जल तक नहीं लिया। आज सुबह अंतिम यात्रा हरिद्वार के चंडी घाट के लिए रवाना हुई। बड़ी तादाद में नेता यहां पहुंच रहे हैं। कल निधन की खबर मिलते ही योगी अपने पैतृक गांव पंचूर पहुंच थे। यहां वे काफी देर तक मां के पार्थिव शरीर को निहारते रहे। उन्होंने इसकी फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की जिसके कैप्शन में उन्होंने सिर्फ मां लिखा। योगी अंतिम संस्कार के बाद दोपहर में ही लखनऊ रवाना हो जाएंगे और शाम को मोदी के कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे।

ट्रंप ने भारत में कम ब्याज दरों की तारीफ की

वॉशिंगटन.एजेंसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत की कम ब्याज दरों और करीब 7 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि दर की तारीफ की है। साथ ही उन्होंने अमेरिकी फेडरल रिजर्व पर राजनीतिक दबाव में काम करने का आरोप लगाया। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका में ब्याज दरें बहुत ज्यादा हैं, क्योंकि वहां का फेडरल रिजर्व राजनीतिक तरीके से काम कर रहा है।

11 महीने में सोना 70 हजार और चांदी 2.70 लाख सस्ती हुई

शनिवार.एजेंसी। हफ्तेभर में सोना 10 हजार रुपए और चांदी 20 हजार रुपए सस्ती हुई है। अगर रिकार्ड हाई लेवल के हिसाब से देखा जाए तो पिछले 11 माह में सोना 70 हजार रुपए और चांदी 2.70 लाख रुपए सस्ती हुई है। जनवरी में सोना 1.93 लाख तक पहुंच गया था जो अब 1.23 लाख रुपए रह गया। इसी तरह जनवरी में चांदी 4.20 लाख रुपए थी जो अब 1.50 लाख रुपए पर आ गई।

उज्जैन में सिंहस्थ की तैयारियों के लिए

रेलवे ने 6 से ज्यादा मजारें हटाईं

उज्जैन.एजेंसी। उज्जैन में सिंहस्थ की तैयारियों के तहत रेलवे ने आज तड़के माधव नगर रेलवे स्टेशन के बाहर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। प्लेटफॉर्म नंबर 8 के पास रेलवे की जमीन पर बनी 6 से अधिक मजारों और अन्य अवैध निर्माणों को जेसीबी से हटाया गया। यहां पर अब श्रद्धालुओं के लिए 15 हजार वर्गफीट पर होल्डिंग एरिया बनेगा। इसके लिए माधवनगर, नीलगंगा और इंदौर गेट की ओर रेलवे के पुराने क्वार्टरों को हटाने के साथ ही रेलवे की जमीन से अतिक्रमण भी हटाया जा रहा है।



एंबुलेंस में शव ले जा रहे 5 लोगों की मौत

बाराबंकी.एजेंसी। जयपुर से एंबुलेंस में शव लेकर गाजीपुर जा रहे लोगों का वाहन पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। तेज रफ्तार एंबुलेंस आज सुबह 6.30 पर पिकअप वाहन से भिड़ गई। हादसे में एंबुलेंस सवार 5 लोगों के मौत की सूचना है। इधर मध्यप्रदेश के सागर में तीर्थ यात्रियों की मिनी बस एक ट्रक से टकरा गई जिससे एक बुजुर्ग की मौत हो गई और कुछ लोग घायल हो गए।

मध्यप्रदेश का शाजापुर सबसे ज्यादा ठंडा

कड़ाके की ठंड के साथ कोहरे का कहर



शनिवार ● एजेंसी

पहाड़ों पर बर्फबारी और तूफानी हवाओं के कारण इंदौर सहित पूरा मध्यप्रदेश शीतलहर की चपेट में आ गया। सर्द हवाओं के कारण इंदौर कल रात से आज सुबह तक ठंड से ठिठुरता रहा। मप्र में शाजापुर सबसे ज्यादा ठंडा रहा। यहां पारा 7.1 डिग्री तक आ गया, जबकि भोपाल में पारा 9 डिग्री दर्ज किया गया। मंडला में बारिश हुई जिससे ठंड बढ़ गई। प्रदेश के कई इलाकों में घना कोहरा भी छाया रहा। उत्तरप्रदेश के कई इलाके घने कोहरे की चपेट में आ गए और यहां विजिबिलिटी बहुत कम रह गई। राजस्थान के फतेहपुर में पारा 6 डिग्री से नीचे चला गया।

भूकंप के झटकों के बाद संसद छोड़कर भागे सांसद

लीमा.एजेंसी। दक्षिण अमेरिकी देश पेरू में देर रात 6.7 तीव्रता का भूकंप आया। इसके झटके राजधानी लीमा तक महसूस किए गए। इससे पहले भूकंप की तीव्रता 6.9 बताई गई थी। डर के चलते लोग घरों से बाहर निकलकर सड़कों पर आ गए और संसद में मौजूद सांसद भी बाहर निकल आए। हालांकि, अब तक किसी की मौत या घायल होने और इमारतों को नुकसान पहुंचने की खबर नहीं है।

अनंत सिंह की बेटी के तिलक समारोह में कम पड़ा खाना, मची लूट

पटना.एजेंसी। मोकामा विधायक अनंत सिंह की बेटी शिवांगी के तिलक समारोह में उम्मीद से ज्यादा भीड़ उमड़ पड़ी। इससे खाने का इंतजाम कम पड़ गया। समारोह में खाने के 33 स्टॉल लगाए गए थे। लेकिन भीड़ के आगे यह व्यवस्था कम साबित हुई। कई लोगों को बिना खाए ही लौटना पड़ा। जबकि कई लोग खाने के सामान के लिए मारामारी करते नजर आए।

मप्र में शराब से 11 महीने में 51 की मौत

शनिवार.एजेंसी। मणिपुर में जहरीली शराब से 15 लोगों की मौत हुई और 600 से ज्यादा लोग अस्पताल में भर्ती हैं। इस मामले में अब तक 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। साल 2026 में शराब से 6 राज्यों में 120 से ज्यादा जानें गईं जिनमें अकेले मध्यप्रदेश में 51 मौतें हुईं।

पार्क में कपल से छेड़छाड़, चप्पल-डंडों से पिटाई



मुंबई.एजेंसी। मुंबई के कुर्ला में एक युवक-युवती के साथ बदसलूकी और मारपीट का मामला सामने आया है। दोनों फीनिक्स मॉल के पास महानगरपालिका के उद्यान में फोटो खींच रहे थे, तभी 8-10 नाबालिग लड़कों ने उनके साथ अभद्रता शुरू कर दी। विरोध करने पर लड़कों ने दोनों की पिटाई की। कपल पर लड़कों के ग्रुप ने अश्लील टिप्पणी की। जब दोनों ने इस कमेंटबाजी का विरोध किया तो नाबालिग लड़कों ने मारपीट शुरू कर दी। एक नाबालिग चप्पल जैसी चीज से युवक को मारता है जबकि दूसरा लड़का लड़की के सिर पर डंडे से वार करता है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आठ नाबालिगों को हिरासत में लिया है।

कांग्रेस ने उठाया रजिस्ट्री कार्यालय की परेशानी का मुद्दा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

पंजीयन विभाग में अब कहीं से भी आप करवा सकते हैं रजिस्ट्री

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने बताया कि शासन ने गजट नोटिफिकेशन जारी करके यह निर्णय तो कर दिया है कि अब कहीं से भी आप रजिस्ट्री करवा सकते हैं। इसी मुद्दे पर द्विवेदी ने शासन का ध्यान केन्द्रीत किया कि पहले पंजीयन विभाग की धरातल स्थिति सुधारों फिर आगे कदम रखो। एक तरफ शासन का पंजीयन विभाग आज से नवीन सुविधा ढोल पीटकर शुरू कर रहा है कि प्रदेश में कहीं से भी रजिस्ट्री करवाई जा सकती है और सरकार ने इसके लिए गजट नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया है। शासन ने आम जनता से चर्चा कर` रजिस्ट्री कार्यालय में आ रही समस्याओं की जानकारी ली है क्या, शासन ने सम्पदा-2 में आ रही खामियां दूर की है क्या, शासन के रजिस्ट्रेशन एक्ट का पालन हो रहा है या नहीं देखा क्या। द्विवेदी ने कहा कि हालात यह है कि अगर आईडीए की रजिस्ट्री हो गृह निर्माण मंडल की हो नगर निगम की लीज हो, नजूल विभाग की लीज हो, न्यायालय की रजिस्ट्री हो डिग्री हो,, बैंक बंधक रिलीज हो इन सबके खातिर अधिकारियों को आना पड़ता है सिस्टम खातिर ना कि कानून खातिर, कानून अनुसार कलेक्टर, कमिश्नर, निगमायुक्त आदि को अंगूठा लगाने से छूट है परंतु मैन्युअल तक यह किया गया संपदा में नहीं है फलस्वरूप प्रमाणीकरण आम मुख्तार से काम चलाया जा रहा है। द्विवेदी ने कहा कि शासन पहले जनता के हित में काम करें। दूसरा सवाल खरीददार के बिना रजिस्ट्री कार्यालय आये भी काम हो सकता है और कानून अनुसार विकल्प है तो, जैसे बिना रजिस्टर्ड पावर भी उसका आम मुख्तार रजिस्ट्री करवा सकता है, परंतु विक्रेता खातिर रजिस्टर्ड आम मुख्तार नामा जरूरी है। विक्रेता सबसे पहले अहम भूमिका में हैं और विक्रेता संपत्ति जहां है वहीं उसका कार्यालय रहता है तो क्या विक्रेता बिना प्रतिफल के रजिस्ट्री करेगा, आजकल अधिकांश रजिस्ट्री लोन पर होती है क्या विक्रेता बिना संतुष्टि रजिस्ट्री करेगा। लोन पर हुई रजिस्ट्री क्या सात दिन तक पेंडिंग रहें विक्रेता ऐसा करेगा, संपत्ति की आईडी बिना खरीददार के बनेगी, कब्जा लिया ऐसा सबूत मिलेगा। द्विवेदी ने सवाल उठाया सरकार और अधिकारियों को धरातल पर नीति बनानी चाहिए। एक तरफ सरकार नीति बनाए हुए हैं कि तुरंत रजिस्ट्री हुई तो लोन के चेक खातिर बैंक का बंधक नामा रजिस्ट्रेशन हो तब चेक, बेचवाल बिना पैसे लिए करेगा। उक्त पूर्ण जानकारी आरोप के साथ प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने दी।

भाजपा प्रदेश इकाई के 24 में से 1 रत्न दीपक जैन टीनू भी

इंदौर से भी प्रदेश में दो पदाधिकारी थे, तीसरे टीनू बने संगठन में सहकोषाध्यक्ष

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



भाजपा पार्षद और प्रदेश सहमीडिया प्रभारी का दायित्व निभा चुके दीपक जैन टीनू को सत्तारुढ़ भाजपा के प्रदेश संगठन में कल प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने जगह दी। भाजपा प्रदेश संगठन में पहले से इंदौर के दो पदाधिकारी है, जिनमें उपाध्यक्ष पद पर निशांत खरे और संगठन महामंत्री पद पर गौरव रणदिवे काबिज है। प्रदेश में कुल 24 पदाधिकारी है उनमें से 3 इंदौर के हैं और दीपक जैन टीनू जो युवा होकर श्वेताम्बर जैन समाज से भी जुड़े हैं उन्हें प्रदेश भाजपा संगठन में सहकोषाध्यक्ष बनाकर एक बड़ी जिम्मेदारी दी गई है।

भाजपा कोर कमेटी में 5 नेताओं का कार्यकाल खत्म

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भाजपा कोर कमेटी में दो पूर्व विधायक और तीन अन्य नेताओं सहित 5 नेताओं का कार्यकाल खत्म हो गया है। इनमें पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता जो बैतुल के प्रभारी भी हैं। वहीं गोपीकृष्ण नेमा जो ग्वालियर के प्रभारी है। खेल प्रकोष्ठ के संयोजक मानसिंह यादव, व्यापरिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक धीरज खंडेलवाल, शिक्षक प्रकोष्ठ के संयोजक महेश पालीवाल शामिल है।

मंत्री और आयुक्त को पार्षद के दावेदार ने दिए सुझाव

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सांवेर विधानसभा के शहरी वार्ड 35 से नगर निगम चुनाव की तैयारी कर पार्षद के दावेदार राजा टोनेरे इस वार्ड में लगातार सक्रिय रहते है। पूर्व में भी टोनेरे ने मंत्री और निगम अधिकारियों को सुझाव दिए थे। टोनेरे ने बताया कि मंत्री तुलसीराम सिलावट और निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल को सुझाव भेजा गया है। इस बार पेडों की कटाई के कारण कम बारिश हुई है, जिसके कारण निकट भविष्य में पीने के पानी की भारी किल्लत हो सकती है.! जल संकट ज्यादा न हो और जनता को पानी के लिये तरसना न पडे इसलिये सुझाव दिए गए है कि पानी की कमी पर ध्यान देते हुए अभी से व्यवस्था करना शुरू कर देना चाहिए। जनहित में उचित मुआवजा देकर शहर के सारे गाडी वाशिंग सेन्टर, फव्वारे, शासकीय और निजी सारे स्वीमिंग पूल कुछ महीनों के लिये बन्द कर देना चाहिए, पानी बेचने वाले निजी बोरिंग ओर हाईड्रेन्टों को भी अधिग्रहित कर लेना चाहिए ताकि जनता को पानी के लिये परेशान होना न पडे...जैसे कचरा गाड़ियों में जीपीएस लगा है वैसे ही निगम के टैंकरों पर भी जीपीएस लगा होना चाहिए ताकि पानी कब कहां दिया जा रहा है उसकी सही जानकारी निगम को रहे, सारे हाईड्रेन्ट पर कैमरे लगवाये जायें ताकि कौन सा टैंकर कितनी बार भरा गया है, निजी टैंकर तो नहीं भरे जा रहे हैं ये भी जानकारी निगम को रहे.. उक्त सुझाव जल संकट की घडी में जनता को कुछ राहत दे सकते हैं.! टोनेरे ने पूर्व में लिखित सुझाव दिया था कि बारिश के पहले बडे स्तर पर पौधा रोपण और भूमिगत जल स्तर बढाने के लिये सोख के गढ्ढे बनाये जाये.. लेकिन शायद जनहित की बातों पर ध्यान देने की फुरसत ही नहीं है जनप्रतिनिधियों और अन्य जिम्मेदारों के पास.! उक्त पूर्ण जानकारी भावी पार्षद वार्ड 35 के दावेदार राजकुमार टोनेरे राजा ने दी।

विहिप का 15 दिवसीय 'हितचिंतक महाअभियान' कल से

मालवा प्रांत में 5 लाख नए हित चिंतक बनाने का लक्ष्य

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



विश्व हिंदू परिषद मालवा प्रांत द्वारा कल 22 नवंबर से 15 दिवसीय विशेष 'हितचिंतक महाअभियान' का शुभारंभ सभी जिला एवं प्रखंड केंद्रों पर किया जाएगा। विहिप के पूर्व अध्यक्ष स्व. अशोक सिंहल की जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित इस अभियान के तहत प्रांत में 5 लाख नए हितचिंतक बनाने का लक्ष्य रखा गया है। हिंदू समाज को संगठित करना, सनातन संस्कृति के प्रति जागरूकता लाना, सामाजिक समरसता बढ़ाना और धर्मांतरण जैसी गतिविधियों पर रोक लगाना है। हर तीन वर्ष में होने वाले इस अभियान के तहत कार्यकर्ता 'विस्तारक' बनकर नगर से लेकर गांव तक घर-घर संपर्क करेंगे। डिजिटल पंजीकरणः इस वर्ष सदस्यता प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल बनाते हुए 'वीएचपी कनेक्ट' ऐप के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण किया जाएगा। अभियान के दौरान आने वाले तीनों रविवार को 'महाअभियान दिवस' के रूप में मनाया जाएगा, जिसमें कार्यकर्ता सुबह से शाम तक सघन संपर्क करेंगे।विहिप के प्रांत मंत्री विनोद शर्मा एवं प्रचार-प्रसार प्रमुख गन्नी चौकसे ने बताया कि इस महाअभियान की शुरुआत करते हुए विहिप के पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष वी.एस. कोकजे को हितचिंतक बनाया गया। इस दौरान विहिप के कोटेश्वर राव, मुकेश जैन, खगेन्द्र भार्गव भी मौजूद रहे।

एआईएमआईएम पार्टी के लिए सदस्यता



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सांसद असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने सदस्यता अभियान चला रखा है। वार्ड 1 में कई मुस्लिम समाजजनों ने सदस्यता ग्रहण की। खलील मुल्तानी ने इस वार्ड में जिम्मेदारी दी थी और आम लोगों को एकत्रित भी किया गया था और सदस्य भी बनाया गया।

6 विभूतियां होगी सम्मानित

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रखबचंद्र बाबेल की जन्मशताब्दी के अवसर पर कल 22 नवंबर को कार्यक्रम में समाज के छह विभूतियां बसंतीलाल पांडे, अर्चना जायसवाल, इंदू जैन, अनिल आजाद, इंदिरा चौधरी, कमलेश अग्रवाल का सम्मान किया जाएगा। मदन परमालिया, राजेंद्र बाबेल, जितेंद्र बाबेल ने उक्त जानकारी दी। कार्यक्रम में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल, कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे मौजूद रहेंगे।

विधायक वर्मा को वित्त समिति में मिला स्थान

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। राऊ विधायक मधु वर्मा को भारतीय जनता वित्त समिति में सदस्य के रूप में दायित्व मिला है। इस समिति में संयोजक चेतन्य कश्यप के अलावा मधु वर्मा सदस्य और अखिलेश जैन को भी शामिल किया गया है। इस नियुक्ति पर भाजपा नेता जीतू कुशवाह ने बधाई दी है।

भाजपा किसान मोर्चा में बनाए गए पदाधिकारी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जयपालसिंह चावड़ा के निर्देश पर नगर प्रभारी राजेश सोलंकी ने भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा की सहमति से पदाधिकारियों की 41 पदाधिकारियों की घोषणा की है। इनमें उपाध्यक्ष शेखर चौधरी, जितेन्द्र चौधरी, कपिल खिल्लारी, आकाश गौड़, कपिल चौधरी, महामंत्री कोमलचंद पाटीदार, सज्जनसिंह कुशवाह, मंत्री लखनसिंह पटेल, योगेश चौहान, अर्पित चौधरी, रूदनसिंह तंवर, अशोक चौधरी, कोषाध्यक्ष अनिल बुड़ाना, सहकोषाध्यक्ष किशोर पटेल, ज्ञानसिंह जामले, कार्यालय मंत्री अंकित चौधरी, सहकार्यालय मंत्री विनोद गौरी, नवीन चौधरी, मीडिया प्रभारी विजय व्यास, सहमीडिया प्रभारी संदीपसिंह चौहान, तेजू चौहान, सोशल मीडिया प्रभारी विजय दयाल, सोशल मीडिया सहप्रभारी कार्तिक शर्मा, नीरज बुड़ाना, आईटी प्रभारी अंकित तिवारी, सहप्रभारी कमल चौधरी, मन की बात प्रभारी खेमराज बारोड, सहप्रभारी मनोज रावल, निधि एवं शोध प्रभारी गौरव अग्रवाल, सहप्रभारी अमृतसिंह कजोड़िया, प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी मुकेश पटेल, सहप्रभारी प्रशांतसिंह कुशवाह, प्राकृतिक खेती प्रमुख जितेन्द्र डोडिया, सहप्रमुख जमना गुप्ता, जैविक खेती प्रमुख कमलेश पटेल, सहप्रमुख संजय चौधरी, शासन योजना प्रचा-प्रसार प्रभारी मंगलसिंह चौहान, सहप्रभारी देवेन्द्र पंवार, ऋषभ कुशवाह, लाभार्थी प्रमुख अनिल मंडलोई, सहप्रमुख भारतसिंह राठौड़ बनाए गए हैं।

बाबूसिंह रघुवंशी को मिली अनुशासन समिति में प्रदेश संयोजक की जिम्मेदारी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इंदौर से जुड़े वरिष्ठ भाजपा नेता बाबूसिंह रघुवंशी को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने प्रदेश अनुशासन समिति का संयोजक बनाया है। रघुवंशी पूर्व में लघु उद्योग निगम में अध्यक्ष रहने के साथ पूर्व प्रदेश मंत्री भी रह चुके हैं और इंदौर में वरिष्ठ भाजपा नेता के रूप में जाने जाते हैं। साथ में 5 सदस्य विनोद गोटिया, पूर्व विधायक देवीलाल धाकड़, अभय चौधरी, सांसद संध्या राय, विधायक विष्णु खत्री बनाए गए हैं।



इस साल कम बारिश होने के कारण इंदौर में पानी का संकट पैदा होने वाला है। अब तो यह संकट कुछ क्षेत्रों में पैदा भी हो गया है। अभी नगर निगम की कोई बहुत बड़ी तैयारी नजर नहीं आ रही है। शहर के चितावद क्षेत्र में तो लोगों को 50रु. देकर एक हरी टंकी पानी की भरवानी पड़ रही है।

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

इस बार पानी का संकट पैदा होगा इसकी जानकारी तो हर किसी को है। लेकिन फिर भी यह माना जा रहा है कि यह संकट दिसंबर अंत या जनवरी में आएगा और जब संकट आएगा तब देखा जाएगा। नगर निगम के द्वारा इस संकट को ध्यान में रखते हुए अपनी व्यापक तैयारी का दावा किया जा रहा है। ऐसी कोई तैयारी जमीनी धरातल पर नजर नहीं आ रही है। नगर निगम की ओर से बार-बार लोगों से पानी का दुरुपयोग रोकने की अपील की जा रही है। इसके साथ ही नगर निगम की ओर से प्राकृतिक जल स्त्रोत का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने और उस पानी को वेस्ट जाने से रोकने की भी पहल की जा रही है।

निगम के जनप्रतिनिधि और अधिकारी चाहे दिसंबर के अंत और जनवरी में पानी के संकट के आने का इंतजार कर रहे हों लेकिन हकीकत तो यह है कि इस संकट ने शहर में दस्तक दे दी है। अभी 2 दिन पहले ही चितावद क्षेत्र के लोगों ने पानी की समस्या को लेकर प्रदर्शन किया और चक्का जाम किया। इन लोगों के द्वारा खाली मटके भी फोड़े गए। इस क्षेत्र में पानी के संकट ने जोरदार तरीके से अपनी दस्तक दे दी है। अभी इस स्थिति से निपटने के लिए निगम की कहीं कोई तैयारी नजर नहीं आ रही है।

इस क्षेत्र के लोगों का कहना है कि अपने पानी की आवश्यकता की पूर्ति के लिए उनके द्वारा हरे रंग के 200 लीटर के ड्रम खरीद कर घर के बाहर रखे गए हैं। प्राइवेट टैंकर वालों से ड्रम भरवाने का काम किया जाता है। इन टैंकर वालों के द्वारा एक ड्रम को भरने के 50रु. लिए जाते हैं। एक बार कोई टैंकर कॉलोनी में आता है तो फिर वह लाइन से घर-घर में पानी भरते हुए चला जाता है। हर घर से जितने ड्रम उतना पैसा के फार्मूले से पैसे का संग्रहण कर लिया जाता है।

इस क्षेत्र के नागरिकों के द्वारा आंदोलन कर दिए जाने के बावजूद अभी तक नगर निगम के द्वारा यहां पर पानी की व्यवस्था करने की दिशा में कोई पहल नहीं की गई है। अभी भी नगर निगम के अधिकारी यह कहने की स्थिति में नहीं हैं कि इस क्षेत्र में पानी की आपूर्ति के लिए उनके द्वारा कब से किस तरह से क्या कदम उठाए जाएंगे। बात केवल चितावद की नहीं है बल्कि बहुत सारे क्षेत्र हैं जहां पर ऐसी ही गंभीर स्थिति बन गई है।

सड़कों पर चालान की दुहाई मुख्यालय में कार की धुलाई

जनता पर चालान की मार 'साहब' की कार पर पानी की बौछार!

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

कम बरसात होने के कारण इस बार निगम भी सख्त है और निगम पानी के दुरुपयोग पर चालानी कार्रवाई भी कर रहा है। पूर्व में भी का चालान कौन बनाएगा, क्योंकि गाड़ी भी सरकारी है, स्थान भी सरकारी है। अब निगम की कार्यप्रणाली पर ही सवाल उठने लगे हैं। लोगों पर जुर्माना लगाने वाला निगम अपने ही परिसर में



सिटी ब्लास्ट ने निगम की पीली गाड़ी धुलने का चित्र प्रकाशित किया था। अब सोशल मीडिया पर निगम परिसर में ही अधिकारी की कार धुलने का चित्र वायरल हुआ। इस पर लोगों ने कमेंट्स लिखे कि जनता धोए तो 2 हजार का चालान बना दो, अब निगम के अधिकारी सरकारी गाड़ियां धोकर पानी का दुरुपयोग कर रहा है, कर्मचारी अपने अधिकारी को खुश कर रहे हैं कि उनकी गाड़ी चमचमाती रहे, जबकि इंदौर में सामान्य से 14 इंच बरसात कम हुई है। कम बारिश से आगामी दिनों संभावित जल संकट से चिंता बढ़ी हुई है।

निगम एप से घर बैठे सम्पत्तिकर का निर्धारण कर सकते हैं

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

नगर निगम ने रहवासियों की सुविधा और राजस्व से संबंधित सेवाओं को डिजिटल क़े माध्यम से सरल और सुगम बनाने के उद्देश्य से इंदौर 311 एप स्वकर निर्धारण विवरणी का मॉड्युलर प्रारंभ किया है। इस एप के माध्यम से भवन स्वामी अपने भवन और भूमि का सम्पत्तिकर स्वकर निर्धारण स्वयं कर सकेंगे। राजस्व प्रभारी निरंजनसिंह चौहान ने बताया कि नियम अनुसार प्रत्येक भवन एवं भूमि स्वामी द्वारा स्वकर निर्धारण विवरणी प्रस्तुत करना अनिवार्य है। अब भवन मालिक इंदौर 311 एप पर अपनी संपत्ति का आवश्यक विवरण दर्ज कर स्वकर निर्धारण की प्रक्रिया ऑनलाइन पूर्ण कर सकते हैं। जिनका वर्तमान ई-नगर पालिक पोर्टल पर दर्ज क्षेत्रफल वास्तविक क्षेत्रफल से कम है। इससे संपत्ति का सही विवरण निगम के अभिलेखों में दर्ज कराने में सुविधा मिलेगी। भवन और प्लाट मालिक को अपना मोबाइल नम्बर भी एप पर दर्ज कराना होगा। इससे संबंधित संपत्ति की महत्वपूर्ण जानकारी, संपत्तिकर संबंधी सूचनाएं तथा विभिन्न छूट एवं रियायतों की जानकारी सीधे मोबाइल पर उपलब्ध कराई जा सकेगी।

विवरणिका करना होगी प्रस्तुत, मोबाइल नम्बर भी डालना होगा

विधायक ने किए खाटू श्याम बाबा दरबार में दर्शन



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विधायक महेन्द्र हार्डिया ने अपनी विधानसभा के औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगपतियों व व्यापारियों द्वारा सजाए गए खाटू श्याम बाबा के दरबार और झांकी के दर्शन किए। इस दौरान मलखान कटारिया, भगवती उपाध्याय, केशव मीणा, पवन सेन, कैलाश पिपले, सुनील सिंह, धर्मेन्द्र प्रजापत सहित अन्य भी मौजूद रहे।

स्कूलों में ठंड के मौसम में गर्म कपड़ों का ड्रेस कोड अनिवार्य नहीं

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

विद्यार्थी अलग गरम कपड़े पहनकर आया तो उसे स्कूल में आने से रोक नहीं सकते

शिक्षा विभाग के लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक डीएस कुशवाह ने प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारी और सहायक आयुक्त को पत्र प्रेषित कर कहा कि वे सभी शासकीय और अशासकीय स्कूलों को जानकारी दे दी कि ठंड के मौसम में जो स्कूल ड्रेस कोड अनिवार्य करते हैं और उनके दायरे में अगर कुछ विद्यार्थी दूसरे कलर के गर्म कपड़े पहनकर आते हैं तो उन्हें स्कूल आने से रोका नहीं जा सकता है। विद्यालयों में विद्यार्थियों के गणवेश प्रोटोकॉल को सर्दी के मौसम में प्रतिबंधित ना करें। विभाग को जानकारी मिली थी कि विद्योलयों में विद्यार्थियों द्वारा निर्धारित यूनीफार्म अथवा सर्दी के मौसम में अलग-अलग रंग अथवा डिजाईन के स्वेटर/गर्म कपड़े पहनने के कारण विद्यार्थियों को कक्षा में आने से वंचित कर दिया जाता है। यदि विद्यार्थी सर्दी के मौसम में किसी दिन गणवेश से अलग रंग/डिजाईन के कपड़े/स्वेटर पहनकर विद्यालय में आते हैं तो उन्हें कक्षा में उपस्थित होने से न रोका जाए। वहीं ठण्ड के सीजन में स्कूल के विद्यार्थियों को जूते-चप्पल कक्षा के बाहर उतारने के लिए बाध्य भी नहीं किया जाए, ठंड के समय विद्यार्थी के जूते-चप्पल खुलवाए जाते हैं तो विद्यार्थी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। दोनों ही निर्देश का कड़ाई से पालन अब इंदौर में भी शिक्षा विभाग कराएगा। इसके लिए पत्र भी स्कूलों को भेजे जा रहे हैं।

तहसील कार्यालय की पराली जलाने में पौधे जलने के चित्र भी हुए वायरल



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मल्हारगंज तहसील कार्यालय में पराली जलाई गई या जल गई इसका भी खुलासा नहीं हुआ है। इसमें कई पौधे भी लगाए गए थे वे पौधे भी जलने की बात सोशल मीडिया पर सचित्र वायरल हुई। तहसील कार्यालय पर पराली जलने और पौधे साथ में जलने के चित्र वायरल हुए जो सोशल मीडिया पर सुर्खिया बटोर रहे हैं। लोगों का अब यही कहना रहा कि मल्हारगंज तहसील कार्यालय सरकारी दफ्तर है, अब पुलिस किस पर आपराधिक प्रकरण दर्ज करेगी। इसी जुलाई माह में कई गड्ढे कर पौधारोपण कर आयोजन किया गया था, इनमें कई पौधे जलने की चपेट में आ गए हैं।

250 करोड़ की भूमि और 25 करोड़ के दानदाता का मामला अब संतों के हस्तक्षेप से बदले समीकरण!

जैन दिवाकर संप्रदाय के साधु भगवंतों ने स्पष्ट किया- न संस्था का उद्देश्य बदलेगा, न नाम, दान की जरूरत होगी तो समाज आगे आएगा

इंदौ (अक्षय जैन)। जैन दिवाकर विद्या निकेतन को लेकर चल रहा विवाद अब एक नए मोड़ पर पहुंचता दिखाई दे रहा है। करीब 250 करोड़ रुपए मूल्य की बताई जा रही संस्था की भूमि और 25 करोड़ रुपए के दानदाता से जुड़े प्रस्ताव को लेकर उठे सवालों के बीच अब जैन दिवाकर संप्रदाय के साधु भगवंतों का हस्तक्षेप सामने आया है। संतों के रुख के बाद संस्था के कर्ताधर्ताओं के सामने भी स्थिति पहले से अधिक चुनौतीपूर्ण हो गई है।

सूत्रों के अनुसार, जैन दिवाकर संप्रदाय के साधु भगवंतों ने इस पूरे मामले में अपना पक्ष स्पष्ट करते हुए कहा है कि जैन दिवाकर विद्या निकेतन की स्थापना जिन उद्देश्यों और भावनाओं के साथ हुई थी, उनमें किसी तरह का बदलाव स्वीकार नहीं किया जा सकता। संस्था का नाम और मूल उद्देश्य यथावत रहना चाहिए। दानदाता की आवश्यकता के नाम पर संस्था की पहचान, स्वायत्तता और मूल भावना से समझौता नहीं होना चाहिए। संतों का स्पष्ट संदेश बताया जा रहा है कि यदि संस्था को आर्थिक सहयोग की आवश्यकता है तो समाज सक्षम है। जरूरत पड़ने पर समाज के दानदाता आगे आएंगे। लेकिन दान किसी व्यक्ति विशेष के हित, अधिकार अथवा निजी व्यवस्था के लिए नहीं, बल्कि गुरुजनों के सम्मान और उनके द्वारा स्थापित शैक्षणिक एवं सामाजिक उद्देश्य की पूर्ति के लिए होना चाहिए। दरअसल, इस पूरे विवाद में शुरुआत से ही कई सवाल उठ रहे हैं। संस्था के नाम और उद्देश्य में बदलाव, प्रबंधन व्यवस्था में बाहरी हस्तक्षेप, ट्रस्टियों के मनोनयन और कथित समझौतों को लेकर समाज के विभिन्न वर्गों में असहमति की आवाजें सामने आई हैं। अब संप्रदाय के संतों का रुख सामने आने के बाद यह मामला केवल ट्रस्टियों अथवा प्रबंधन का आंतरिक विषय नहीं रह गया है, बल्कि गुरु परंपरा, समाज की भावनाओं और संस्था की मूल विरासत से जुड़ा विषय बन गया है।

22 नवंबर के बाद बनेगी आगामी रणनीति

आगामी 22 नवंबर को दिवाकर जयंती के आयोजन के बाद जैन दिवाकर गुरुभक्त परिवार की एक महत्वपूर्ण बैठक प्रस्तावित है। इसमें पूरे घटनाक्रम की समीक्षा करते हुए आगे की रणनीति तय की जाएगी। समाज के बीच उठ रहे सवालों, संस्था के मूल स्वरूप और भविष्य की प्रबंधन व्यवस्था को लेकर विचार-विमर्श होने की संभावना है। बताया जा रहा है कि जरूरत महसूस होने पर गुरुभक्त परिवार का एक प्रतिनिधिमंडल युवाचार्य श्री महेंद्र ऋषि जी, उपाध्याय श्री गौतम मुनि जी सहित दिवाकर संप्रदाय के अन्य साधु भगवंतों के समक्ष भी अपनी बात रखेगा। प्रतिनिधिमंडल संतों से मार्गदर्शन लेकर संस्था की मूल भावना और गुरु परंपरा के अनुरूप समाधान का प्रयास करेगा।

फिलहाल सबकी निगाहें 22 नवंबर के बाद होने वाली बैठक और संतों के मार्गदर्शन पर टिकी हैं। बड़ा सवाल यही है कि जिस संस्था की नींव गुरु प्रेरणा, समाज के सहयोग और शिक्षा के उद्देश्य से रखी गई थी, उसका भविष्य तय करते समय क्या उन मूल भावनाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता मिलेगी? गुरुभक्त परिवार की आगामी भूमिका और संतों का स्पष्ट रुख इस विवाद की आगे की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण हो सकता है।

ट्राफिक साथी एप यातायात पुलिस के लिए बन रही है परेशानी

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। यातायात प्रबंधन पुलिस द्वारा इन्दौर ट्राफिक साथी एप की शुरूआत की गई है जिसमें शहर की जनता नियम तोडने वाले लोगं का फोटो और वीडियो अपलोड कर उन पर चालानी कार्रवाई करवा रहे है। इस एप के जरिए चालान बनाने में यातायात पुलिस को भी परेशानी आ रही है। फोटो अपलोड होने के अगले ही दिन पुलिसकर्मी नियम तोडने वालों को ढूंढ रहे है।

नियम तोडने वालों को ढूंढना और उससे चालानी राशि एक दिन में ही वसूलना आसान नहीं

बताया जा रहा है कि बीते दो दिनों में 300 से अधिक लोगों ने इस एप पर अलग-अलग फोटो अपलोड किए है। अब समस्या यह है कि कई जगह ऐसी स्थिति बनती है कि कार या दोपहिया वाहन भले ही सडक पर खड़े है लेकिन उससे किसी को परेशानी नहीं हो रही हो तो भी लोग फोटो अपलोड कर रहे है। ऐसे में जब यातायात पुलिसकर्मी शिकायत के बाद नियम तोडने वाले लोगों को फोन लगा रहे है तो उन्हें समझाने में और सामने वाले की गलती सुधार करने में बहस भी हो रही है। दबी आवाज में यातायात कर्मी भी परेशान हो रहे है। दरअसल पहले ही शहर की यातायात व्यवस्था के अन्तर्गत जवानों की कमी नजर आती है। ऐसे में यातायात पुलिस को नया काम मिल गया तो कैसे जवानों की भरपाई होगी। दूसरा सड़कों पर भी चालानी कार्रवाई हो रही है। एक पुलिसकर्मी ने चर्चाओं में बताया कि किसी वकील की शिकायत भी मिली है। ऐसे में जब वकील को फोन किया तो उन्होने फोन पर कई प्रश्न दागे। कुछ लोगों का कहना है कि पुलिस को इस एप के नियमों में बदलाव करना चाहिए। वहीं शुरुआत में लोगों को समझाने के लिए ट्रायल भी देना चाहिए।

इंदौर-खिलचीपुर बस के संचालक पर कार्रवाई करने के निर्देश

दिव्यांग को बस किराए में छूट नहीं देना और मजाक उड़ाना पड़ा भारी

इंदौर। राज्य सरकार ने इंदौर-खिलचीपुर के बीच चलने वाली बस के संचालक पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इस बस को लेकर सरकार के पास यह शिकायत आई थी कि इस बस में दिव्यांग व्यक्ति को किराए में छूट नहीं दी गई और जब वह बस में सफर करने लगा तो उसका मजाक उड़ाया गया।

राज्य सरकार के द्वारा दिव्यांग जनों के प्रति सद्भावना का भाव रखते हुए उन्हें उपचार से लेकर सफर तक में सुविधा देने की कोशिश की जाती है। सरकार का मानना रहा है कि कई समस्याओं से जूझ रहे इन दिव्यांग जनों को राहत देने की दिशा में जितनी पहल अपनी ओर से हो सकती है उतनी की जानी चाहिए। यही कारण है कि सरकार के द्वारा पूरे प्रदेश में दिव्यांग जनों को राहत देने के लिए एक व्यवस्था तैयार करते हुए लागू की गई है। इस व्यवस्था के लागू होने के बाद भी प्राइवेट सेक्टर में कई बार नियमों का उल्लंघन होने और दिव्यांग जनों के साथ अपमानजनक व्यवहार होने के मामले भी सामने आते रहते हैं। इस तरह के मामलों के प्रति अब सरकार की ओर से कठोर रुख अपनाया जा रहा है।

भोपाल में आयुक्त दिव्यांगजन कार्यालय को मिली शिकायतों के बाद इंदौर, भोपाल, राजगढ़, खरगोन, भिंड और ग्वालियर के परिवहन अधिकारियों को दोषी बस संचालकों के खिलाफ सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) इंदौर ने भोपाल आरटीओ को पत्र लिखा है। इसमें खिलचीपुर से इंदौर मार्ग पर चलने वाली मां वैष्णो ट्रेवल्स की बस के संचालक पर नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा गया है।

शासन को मिली शिकायत के मुताबिक इस ट्रेवल्स की बस के परिचालक दिव्यांगजनों से पूरा किराया वसूल रहे थे। उनके साथ अभद्रता करने के साथ दिव्यांगता का उपहास भी किया जा रहा था। यह शासन के आदेशों और दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के प्रावधानों का उल्लंघन है। इस स्थिति की शिकायत मिलने के बाद ही सरकार के द्वारा उक्त ट्रेवल्स पर ही सीधे तौर पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही इस ट्रेवल्स की बसों को भी जांच की परिधि में लिया जाएगा और उन पर भी कार्रवाई की जाएगी। कदाचित लंबे अरसे के बाद यह पहला मौका है जब सरकार की ओर से इस तरह की ठोस कार्रवाई की पहल की जा रही है।

पार्किंग शुल्क से भी मुक्ति

इसके साथ ही सरकार के द्वारा पूरे प्रदेश में अस्पतालों में दिव्यांगजनों को पार्किंग शुल्क से भी मुक्ति देने का आदेश जारी किया गया है। वैसे भी सरकारी अस्पताल में दिव्यांग जनों के निशुल्क और समुचित उपचार के निर्देश पहले से ही जारी हैं। इसके बाद भी दिव्यांग जनों की ओर से यह शिकायत राज्य सरकार के पास पहुंच रही थी कि अस्पताल में इलाज तो फ्री में हो जाता है लेकिन वहां पर पार्किंग में पैसा चुकाना पड़ता है जो कि दिव्यांग जनों को भारी पड़ता है। ऐसे में सरकार ने अब ताजा आदेश जारी करते हुए स्वास्थ्य विभाग तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग को भी इस संबंध में सावधान रहने के लिए कहा है।

यातायात की समस्या पर आज फिर सड़क सुरक्षा समिति करेगी विचार

पिछली बैठक में लिए गए फैसलों की भी की जाएगी समीक्षा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शहर की यातायात समस्या का समाधान निकालने के लिए आज एक बार फिर सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक में पिछली बैठकों में लिए गए फैसलों की समीक्षा करते हुए विचार किया जाएगा। इसके साथ ही शहर की यातायात की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए और क्या किया जा सकता है इस पर भी विचार-विमर्श होगा।

शहर में यातायात की समस्या की स्थिति दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही है। हर दिन शहर के किसी न किसी क्षेत्र में ऐसा जाम लगता है कि पूरा शहर परेशान हो जाता है। इस जाम में अब तो बड़ी संख्या में एंबुलेंस भी फंसने लगी हैं। जिसके कारण एंबुलेंस में अस्पताल ले जाए जा रहे मरीज की जान पर बन आती है। जिला प्रशासन, यातायात पुलिस और इंदौर नगर निगम के द्वारा इंदौर शहर के यातायात को बेहतर और सुगम बनाने की दिशा में जितनी कोशिश की जा रही है उतनी ही यातायात की समस्या बढ़ती जा रही है। हर एक महीने में जिला कलेक्टर शिवम वर्मा के द्वारा सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया जाता है। इस बैठक में यातायात की स्थिति की समीक्षा करते हुए किस तरह से क्या सुधार लाया जा सकता है उस बारे में विचार किया जाता है। इस कड़ी में कलेक्टर के द्वारा आज फिर से कलेक्टर कार्यालय में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक रखी गई है। वैसे तो आज सरकारी कार्यालय के अवकाश का दिन है लेकिन इस बैठक में लंबा विचार-विमर्श होना है इसलिए इस बैठक को अवकाश के दिन में ही आयोजित कर लिया गया है। आज की इस बैठक में पूर्व में लिए गए फैसलों के क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही इस बात पर विचार किया जाएगा कि अब आने वाले समय में यातायात को बेहतर बनाने और समस्या का समाधान करने के लिए क्या कदम उठाए जा सकते हैं। बैठक में यातायात विशेषज्ञों के द्वारा भी अपने विचार प्रशासन तंत्र के सामने रखे जाएंगे। सभी को उम्मीद है कि आज की यह बैठक इंदौर के यातायात को सुधारने की दिशा में कोई बड़ा फैसला लेने वाली बैठक साबित हो सकती है। अब तो प्रशासन के अधिकारियों को भी यह समझ में आ गया है कि चौराहे के लेफ्ट टर्न को चौड़ा कर देने से यातायात की समस्या का समाधान नहीं होगा। इस समस्या के समाधान के लिए सड़क को कब्जा मुक्त करना सबसे ज्यादा जरूरी है।



हेरिटेज वॉक निकाली गई

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

विश्व धरोहर दिवस पर बोलिया सरकार की छत्री से राजवाड़ा तक हेरिटेज वॉक निकाली गई। प्राचीन धरोहर को देखा गया।

स्वच्छता का डैशबोर्ड नहीं हुआ जारी

कभी गार्बेज फ्री सिटी का तमगा पाने वाला शहर अब गली-मोहल्लों में कचरे के ढेर से जूझ रहा, स्लम एरिया की सफाई के दावे फेल, 2026 में वाटर प्लस का अवार्ड भी खतरे में

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

देशभर में स्वच्छता का उदाहरण बन चुके इंदौर की सफाई व्यवस्था अब खुद सवालों के घेरे में है। कभी गार्बेज फ्री सिटी के तमगे से पहचाने जाने वाले शहर में अब गली-मोहल्लों से लेकर पॉश कॉलोनियों तक कचरे के ढेर नजर आने लगे हैं। स्वच्छता सर्वेक्षण के दौरान स्लम एरिया की सफाई और सौंदर्यीकरण के बड़े-बड़े दावे किए गए, लेकिन निरंजनपुर खालसा चौक के पास बस्ती का नाला इन दावों की पोल खोल रहा है। नाले में गंदा और बदबूदार पानी, प्लास्टिक और डिस्पोजल का अंबार लगा है। हालात देखकर लगता है कि लंबे समय से यहां सफाई ही नहीं हुई। शहर की बिगड़ती स्थिति के बीच स्वच्छता का डैशबोर्ड भी जारी नहीं हुआ है।

स्लम एरिया में सफाई के दावे बेअसर

निरंजनपुर के नाले की स्थिति बताती है कि स्वच्छता अभियान का असर कई बस्तियों तक नहीं पहुंच रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब शहर में ऐसी गंदगी है तो स्वच्छता सर्वेक्षण के नतीजों का इंतजार करने का क्या मतलब है। निगम को पहले अपने शहर की सफाई व्यवस्था सुधारनी चाहिए।

कचरा गाड़ियों से लेकर जीटीएस तक बिगड़ी व्यवस्था

शहर में कचरा संग्रहण और परिवहन व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। कचरा गाड़ियों के ड्राइवर और हेल्पर का कहना है कि जीटीएस पर गीला-सूखा कचरा खाली करने और सेग्रीगेशन में काफी समय लग रहा है। प्रोसेसिंग प्लांट तक कचरा पहुंचने और उसके निपटान में भी देरी हो रही है। इसका असर डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण पर पड़ रहा है।

वाटर प्लस के 200 अंक भी खतरे में

स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 में वाटर प्लस का सर्वे भी होना है। इसी श्रेणी में बेहतर प्रदर्शन के कारण इंदौर को पहले राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला था। वर्ष 2024 के स्वच्छता सर्वेक्षण में वाटर प्लस के 200 अंकों ने इंदौर की स्थिति मजबूत की थी। यदि नालों की गंदगी और सीवेज व्यवस्था की स्थिति नहीं सुधरी तो इस श्रेणी में भी शहर को नुकसान उठाना पड़ सकता है।

पॉश कॉलोनियों में भी कचरे के ढेर

श्रीनगर और मनीषपुरी जैसी कॉलोनियों में भी सड़कों के किनारे कचरा एकत्र दिखाई दे रहा है। श्रीनगर में सड़क की सफाई के बाद कचरा सड़क किनारे छोड़ने की पुरानी प्रवृत्ति फिर लौटती नजर आ रही है। इन इलाकों में वर्तमान और पूर्व सांसद के निवास होने के बावजूद सफाई व्यवस्था सवालों में है। इंदौर ने वर्षों की मेहनत से स्वच्छता में अपनी पहचान बनाई थी, लेकिन मौजूदा हालात बताते हैं कि निगरानी और नियमित सफाई में कमी आई है। यदि निगम ने तत्काल कचरा संग्रहण, जीटीएस, सेग्रीगेशन, नालों की सफाई और सार्वजनिक स्थानों की निगरानी नहीं बढ़ाई तो शहर की स्वच्छता रैंकिंग के साथ उसकी राष्ट्रीय पहचान भी प्रभावित हो सकती है।

सदर बाजार की 300 साल पुरानी बावड़ी से पानी मिलना शुरू

50 गाड़ी गाद निकाली पानी की आवक शुरू हुई तो हाइड्रेंट भी लगा दिया

कुएं-बावड़ियों के पानी उपयोग की दिशा में निगम की पहल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

इंदौर में कम बरसात की वजह से भारी पानी के संकट के मद्देनजर अब पुराने कुएं-बावड़ियों पर नगर निगम का ध्यान केंद्रित हुआ है, कई कुएं और बावड़ियों में पानी तो है, लेकिन वहां गंदगी पसरी हुई है। पेड़-पौधों के पत्ते पानी और आसपास भरे हुए हैं, कई जगह गाद भरी हुई है, निगम ने अब इन पुराने कुएं-बावड़ी को संरक्षण देते हुए इनके जल के उपयोग की दिशा में कदम बढ़ाया है, होलकर कालीन प्राचीन बावड़ी से 50 से अधिक गाड़ी गाद निकाली उसके बाद बावड़ी से पानी की आवक शुरू हो गई। निगम झोन-3 में सदर बाजार और डीआरपी लाइन के प्राचीन कुएं-बावड़ियों का जीर्णोद्धार कर यहां हाइड्रेंट स्थापित किया। इन पानी का उपयोग उद्यान और ग्रीन बेल्ट में किया जा रहा है। पुरानी बावड़ी और कुओं की सफाई अभियान जारी है।



जलकार्य प्रभारी अभिषेक शर्मा ने बताया कि जल की आवक सुनिश्चित करने तथा उपलब्ध पानी का उपयोग करने की दिशा में यह जीर्णोद्धार, सफाई का कार्य किया जा रहा है। वार्ड 58 के सदर बाजार बावड़ी जो 300 साल पुरानी है वहां से 50 गाड़ी से अधिक गाद निकाली गई और उसी के बाद बावड़ी में फिर से स्वच्छ पानी की आवक शुरू हो गई और यहां हाइड्रेंट भी स्थापित किया गया है। अब इस पानी का उपयोग ग्रीन बेल्ट उद्यान में अभी किया जा रहा है। इसी प्रकार झोन-3 के डीआरपी लाइन महादेव मंदिर के पास भी 125 साल से अधिक पुराने कुएं को भी निगम ने जीर्णोद्धार किया। इसमें विकास कार्य कराकर सफाई कराई और यहां भी नया हाइड्रेंट स्थापित किया।

डायबिटीज़ सपोर्ट मीटिंग आयोजित

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर वरिष्ठ एंडोक्राइनोलॉजिस्ट डॉ. संदीप जुल्का द्वारा टाइप-1 डायबिटीज़ के साथ जीवन जी रहे बच्चों, युवाओं और उनके परिवारों के लिए विशेष टाइप-1 डायबिटीज़ सपोर्ट ग्रुप मीटिंग आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें लगभग 2 वर्ष के छोटे बच्चों से लेकर 35–40 वर्ष तक के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में इंसुलिन के सही उपयोग, भोजन के अनुसार इंसुलिन समायोजन, ब्लड शुगर मॉनीटरिंग तथा हाई और लो ब्लड शुगर की पहचान एवं प्रबंधन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।





तीन मीट दुकानें सील

साड़े 58 हजार रु. की वसूली भी, मीट अपशिष्ट का कचरा तालाब में फेंकने पर 20 हजार का स्पॉट फाइन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. उत्तम यादव ने बताया कि निगम की मीट अपशिष्ट प्रबंधन टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान झोन क्रमांक 13, वार्ड क्रमांक 75 के अंतर्गत नायता मुंडला क्षेत्र में बिना अनुमति संचालित पाई गई 3 मीट दुकानों को सील करने की कार्रवाई की गई। इसके साथ ही शहर के विभिन्न क्षेत्रों में मीट दुकानों के निरीक्षण के दौरान बकाया मीट अपशिष्ट शुल्क के रूप में कुल 58,500 रु. की वसूली भी की गई।

मीट प्रभारी राजेश पथरोड़ ने बताया कि गत दिवस नायता मुंडला क्षेत्र में सेलिजा प्री स्कूल के सामने स्थित तालाब परिसर में बोलेरो वाहनों के माध्यम से मीट अपशिष्ट एवं कचरा डालकर गंदगी फैलाने पर निगम की टीम द्वारा वाहन क्रमांक एमपी 09 बीएस 8273 के मालिक सुनील जमनालाल तथा वाहन क्रमांक एपी 09 एजी 6281 के मालिक तेजालाल धन्नालाल के वाहन जब्त किए गए थे। आज दोनों वाहन मालिकों पर 10-10 हजार रु., कुल 20 हजार रु. का स्पॉट फाइन लगाकर राशि वसूल की गई।

आयुष विभाग का स्वास्थ्य परीक्षण औषधि वितरण आयोजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। ब्रह्मा परिसर हातोद में आयुष विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श एवं औषधि वितरण शिविर का आयोजन किया गया, शिविर में कुल113 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया। ग्रामीणों को दिनचर्या, स्वच्छता, संतुलित आहार तथा रोगों से बचाव के उपायों के बारे में बताया। डॉ. हंसा बारिया, डॉ. घनश्याम डावर, डॉ. राकेश गुप्ता, डॉ. नुपुर जैन, डॉ. पूजा पटेल, डॉ. महेश बोरदिया, सुनील कलमे, दिनेश बंसल, राजेश पटेल सरोज कुशवाह, उषा निमोले, प्रतिशा अत्रे मौजूद थे।

देवांग क्रोष्ठी समाजजनों ने लिया धार्मिक लाभ

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। श्री देवांग कोष्ठी समाज सकलपंच द्वारा राम-कृष्ण मंदिर सालवी बाखल नंदलालपुरा में भगवान का फूल बंगला सजाकर छप्पन भोग लगाकर महाआरती की गई और प्रसादी का आयोजन परदेशीपुरा धर्मशाला पर किया गया, जहां भजन और कीर्तन पर नृत्य का लाभ भी समाजजनों ने लिया। कल्याण देवांग, दिलीप वर्मा, मनोहर टेमरे, डॉ. सुरेश बुर्रा, कैलाश कानोडिया, दिलीप वर्मा, नरेन्द्र भुरड, मुकेश देवांग, मुकेश टेमरे, दीपेश वर्मा, मयंक कानोडिया, हरीश वर्मा, संदेश गलकर, विनोद नीमजे सहित अन्य ने अपनी भूमिका इस सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रम में निभाई।



दिगंबर जैन महासमिति मन्ध्यांचल का अधिवेशन कल

सोशल मीडिया से सामाजिक उत्थान पर चर्चा होगी, संत और संघ का मिलेगा सान्निध्य

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



दिगम्बर जैन महासमिति मन्ध्यांचल द्वारा 108 सुनीलसागर म.सा. ससंघ के सानिध्य में अधिवेशन का आयोजन नेमीनगर जैन कालोनी में कल 22 नवम्बर को दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक किया जाएगा। जैनेश झांझरी, सुरेन्द्र जैन बाकलीवाल, वीरेन्द्र बड़जात्या, विपिन गंगवाल ने बताया कि कई विषय पर इस अधिवेशन में चर्चा होगी। सोशल मीडिया से समाज उत्थान पर परिचर्चा, महासमिति स्वर्ण जयंती वर्ष समापन समारोह, राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक जैन बड़जात्या का समाज गौरव अलंकरण प्राप्ति पर अभिनंदन, महासमिति विस्तार एवं 'जनगणना में जैन' प्रेजेंटेशन का आयोजन भी होगा। निमाड़ में गठित 15 इकाइयों से परिचय , महिला मन्ध्यांचल की नवगठित अध्यक्ष ज्योति सेठी का पदभार ग्रहण भी होगा। विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कार भी वितरित किये जायेंगे। आयोजन के फोल्डर का विमोचन भी होगा। सोशल मीडिया से सामाजिक उत्थान पर वाइरोषा व्यक्तियों के उद्बोधन होंगे। वक्ताओं द्वारा सामाजिक ऊंचाई पर कैसे पहुँचे, निम्न वर्ग के सामाजिक व्यक्तियों का उत्थान,समाज मे समन्वय, संगठन मे मजबूती ,सहिष्णुता, उदारता, तीर्थो के सरंक्षण, संवर्धन, समाज मे एकता, विश्वास, सकारात्मकता का वातावरण निर्मित हो पर चर्चा होगी। जैन कालोनी में श्री 1008 श्री मज्जिनेन्द्र नेमीनाथ पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में पात्रों व उनके परिवार का उनके इस पुरुषार्थ पर महासमिति सम्मान कर गौरवान्वित होगी। विनय बाकलीवाल, दीपक पाटनी, अनिल जैन, डॉ संगीता विनायका, आतिश जैन, आयुषी बाकलीवाल,महावीर बैनाड़ा, स्मिता गंगवाल, डॉली झांझरी, सुदीप जैन, कैलाश वेद, प्रवीण-सुनीता पाटनी आयोजन में अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। कार्यक्रम में सुरेन्द्र पांड्या जयपु, विपिन जैन सराफ मेरठ, प्रकाश पाटनी, राजेन्द्र पाटनी भी मौजूद रहेंगे। बड़ी संख्या में समाजजनों की मौजूदगी भी रहेगी। आयोजन को लेकर तैयारियां कर ली गई है।

कवि सम्मेलन में देंगे जल बचाने का संदेश

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। राष्ट्रीय कलमकार मंच व स्टेट प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में कवि सम्मेलन 28 नवम्बर को अभिनव कला समाज में आयोजित किया जाएगा। रचनाकार इस कवि सम्मेलन में कविता से जल बचाने का संदेश देंगे। डॉ.प्रोफेसर पंकज विरमाल, सत्येन वर्मा सत्येन ने बताया कि इस अवसर पर दीपावली मिलन समारोह के तहत आयोजित अ.भा.कवि सम्मेलन में कवि मुकेश शांडिल्य, प्रेमनारायण प्रेम, शीतल राघव, आशारानी जैन, सरफराज भारतीय प्रस्तुति देंगे। दिलीप राजपाल, रामबाबू अग्रवाल, सुभाष खंडेलवाल, राजनंद योगी, क़ार्यक्रम में मौजूद रहेंगे।

मां नारायणी को लगे अन्नकूट में छप्पन भोग

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



मां नारायणी धाम सेवा समिति क्लर्क कॉलोनी ने नारायणी माता मंदिर पर अन्नकूट महोत्सव आयोजन में मां को छप्पन भोग लगाए। मंदिर को विशेष रूप से फूलों से सज्जित किया गया। सुभाष वर्मा सेन ने मां की पूजा-आराधना, पुष्पांजलि कर महाआरती में शिरकत की। सुभाष वर्मा, पवन हर्षवाल, तरुण मृदवाल, अमरचंद सेन, सतीश सेन, प्रदीप श्रीवास, चंद्रकांत श्रीवास, अभिषेक सेन. जगदीश श्रीवास, रामदुलारे श्रीवास, नीलेश सेन, जगदीश सेन, राजेश सेन, मुकेश बांदाबड़े, विकास श्रीवास, मोहन मंगरोलिया, घनश्याम मंगोरिया, हरीश वर्मा, पुष्पेन्द्र वर्मा पप्पू, कैलाश सेन, जगदीश नरवले, अरविन्द सेन, कन्हैयालाल सेन, सुरेन्द्र सराठे, रामेश्वर सेन, लक्ष्मण सेन सहित अन्य मौजूद थे।

220 मरीजों ने कराया नेत्र और दंत परीक्षण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



अवतारसिंह उबेजा की स्मृति में नेत्र एवं दन्त शिविर गुरुतेग बहादुर हॉस्पिटल नंदानगर में आयोजित किया गया। 220 मरीजों ने नेत्र और दंत परीक्षण कराया। 15 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयन किया गया जिनके ऑपरेशन गुरुतेग बहादुर हॉस्पिटल पर निशुल्क किए जाएंगे, दवाईया और चश्मे भी निशुल्क दिये गये। कार्यक्रम में सुरेन्द्रसिंह भाटिया, गुरदीपसिंह भाटिया, जसवीरसिंह गांधी, सतीष भल्ला का स्वागत गुरमीत सिंह फूल, अमरीतसिंह सेनी, जगजीतसिंह खनूजा, सतपाल सिंह खालसा ने किया। संचालन डॉ. एसएस उबेजा ने किया। आभार दलजीत सिंह सोढ़ी ने माना।

आज शाम 'तेरा-मेरा प्यार अमर' संगीत आयोजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

हार्मनी म्यूजिकल ग्रुप के तत्वावधान में आज शाम 6.30 बजे से जाल सभागृह में संगीत प्रस्तुति 'तेरा मेरा प्यार अमर' आयोजित की जाएगी।कार्यक्रम में वर्ष 1957 से 2026 तक के 27 संगीतकारों द्वारा रचित गीतों को शामिल किया गया है।



साहू वैश्य बाथली समाज ने किया आयोजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। श्री सकल पंच साहू वैश्य बाथली समाज द्वारा देवउठनी ग्यारस पर सामूहिक विवाह सम्मेलन एवं अन्नकूट महोत्सव का आयोजन दलालबाग में किया गया। 12 जोड़े विवाह बंधन में बंधे उसके पहले चल समारोह निकाला गया। सुरेश साहू, मुन्नालाल साहू, पुरुषोत्तम साहू, धीरज साहू, हरिप्रसाद साहू, जगन्नाथ साहू, बबीता पंकज साहू, पंकज साहू, सोनू साहू, राजेश साहू, मुकेश साहू, देवेन्द्र साहू, विशाल साहू, दिनेश साहू सहित अन्य मौजूद थे।

ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी पहुंचे स्वागत करने



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। म.प्र. ट्रांसपोर्ट महासंघ के संजय अरोड़ा ने बताया कि महू के मिठाई व्यापारी के निवास पर सुबह निकल रही गुरुनानक देवजी के प्रकाश पर्व पर प्रभातफेरी का स्वागत करने इंदौर से पदाधिकारी महू पहुंचे और स्वागत किया। वाहे गुरु जी का जप भी किया गया। राकेश अरोड़ा, अजीतसिंह होरा, महेंद्रपाल जुनेजा, रामरतन जुनेजा, सोनू छाबड़ा, हरीश डेमलानी सोनी, सचिन पाम, बलबीर सिंह, मनजीत छाबड़ा मौजूद थे।

गुरुनानक देवजी के प्रकाश पर्व पर प्रभातफेरियां इमली साहेब गुरुद्वारा पहुंची

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



गुरुनानक देवजी के प्रकाश पर्व 24 नवम्बर को मनाया जाएगा। 14 नवम्बर से अलग-अलग गुरुद्वारा क्षेत्र में कार्यक्रम हो रहे हैं प्रभातफेरियां भी निकाली जा रही है। आज सुबह अलग-अलग गुरुद्वारा क्षेत्र से निकली प्रभातफेरियां सिख समाजजनों की कीर्तन भक्ति के साथ निकाली गई, जो यशवंत रोड स्थित इमली साहेब गुरुद्वारा पहुंची जहां प्रभातफेरियों का स्वागत किया गया। सिख समाजजनों का पुष्प वर्षा कर और फूलमाला पहनाकर गुरुद्वारा के बाहर स्वागत किया गया। गुरुसिंह सभा के हरपालसिंह भाटिया, प्रीतपालसिंह भाटिया ने बताया कि संगत के लिए पिन्नी, दूध और पोहे की विशेष व्यवस्था की गई। आज की प्रभातफेरी के बाद अब कल रविवार को बड़ा नगर कीर्तन सुबह 11.30 बजे से निकाला जाएगा, जो इमली साहेब यशवंत रोड से प्रारंभ होकर राजवाड़ा, एमजी रोड, रीगल तिराहा, आरएनटी मार्ग, पटेल ब्रिज से वापस जवाहर मार्ग होते हुए फिर से गुरुद्वारा इमली साहेब यशवंत रोड पहुंचेगा। बहुत बड़ी संख्या में सिख समाजजन इस नगर कीर्तन में शामिल होंगे। पालकी सजावट की जिम्मेदारी विष्णुपुरी गुरुद्वारा के जिम्मेदारों को दी गई है। इंदौर के सभी गुरुद्वारों के अलावा राऊ और बेटमा की संगत भी नगर कीर्तन में शामिल होंगी। नगर कीर्तन में गुरुबाणी कीर्तन किए जाएंगे। पुरुष सफेद वस्त्र और बसंती पगड़ी में और महिलाएं सफेद सूट व बसंती दुपट्टा धारण कर शामिल होंगी। सिख समाजजन केसरिया पगड़ी और केसरिया दुपट्टा भी धारण कर सकते हैं। यह भी कहा कि यातायात व्यवस्था ठीक रहे इसलिए आधा हिस्सा यातायात के लिए चालू रखा जाएगा। वाहनों के लिए पास गुरुसिंह सभा जारी कर रही हैं, जो वाहनों पर लगाना अनिवार्य है। तेज आवाज वाले मोडिफाइड वाले साइलेंसर प्रतिबंधित किए गए हैं। छोटे वाहनों पर म्यूजिक सिस्टम लगाए जाएंगे। सभी जत्थों के साथ दोनों और रस्सियां और सेवादारों की व्यवस्था रहेगी, जिससे अनुशासन बना रहे। सिख समाज के सेवादार इस नगर कीर्तन के अंतिम छोर पर स्वच्छता सेवा करते चलेंगे, जिससे रोड की सफाई रहे।



अग्रसेन सभा का मिलन और अन्नकूट

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मध्यप्रदेश अग्रसेन सभा द्वारा अन्नकूट महोत्सव व दीपावली मिलन का आयोजन द मीरा गार्डन पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शैलेष गर्ग, किशोर गोयल,गोविन्द सिंघल सहित अन्य अतिथि थे। विष्णु बिंदल, मृदुल अग्रवाल, राजेश बंसल, ज्योति अग्रवाल, विद्या जैन, सीता गर्ग, कृष्णा गोयल, सृष्टि अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

श्री अग्रवाल डीडवाना पंचायत ट्रस्ट का आयोजन कल

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। श्री अग्रवाल डीडवाना पंचायत ट्रस्ट द्वारा कल रविवार 22 नवम्बर को शाम 6 बजे से इतवारिया बाजार स्थित श्रीराम मंदिर पर 56 भोग दर्शन एवं अन्नकूट महोत्सव का आयोजन होगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश मित्तल एवं मंत्री शिव कुमार गर्ग ने बताया कि श्रीराम मंदिर पर 56 भोग अर्पण के पश्चात शाम 7 बजे से स्कीम 71 स्थित वीर वीरेन्द्र गार्डन पर प्रसादी का आयोजन होगा।



स्टेट प्रेस क्लब का आज दोपहर मिलन और भोज

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। स्टेट प्रेस क्लब म.प्र. के अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल, महासचिव नवनीत शुक्ला ने बताया कि क्लब का दीपावली मिलन आज दोपहर 1 बजे से राजहंस साकेत नगर में आयोजित किया जा रहा है। मालवी भोज का आयोजन भी रखा गया है। बडी संख्या में मीडिया कर्मी और आमंत्रित आयोजन में पहुंचेंगे।

सकल पंच फूल माली समाज ने किया आयोजन

31 जोड़ों के विवाह में हजारों समाजजन हुए शामिल



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। सकल पंच फूल माली समाज द्वारा अन्नकूट महोत्सव एवं सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। 31 जोड़ों ने वैवाहिक जीवन में प्रवेश किया। दुल्हन को गृहस्थी का सामान भी दिया गया। अंकित रावल, तरुण मौर्य, नागेश पंवार, मनोहर लिम्बोदिया,राजाराम बुढ़ाना मौजूद थे।

भगवान की निकली बारात

शालिग्राम–तुलसी विवाह का दिव्य आयोजन, आतिशबाजी और भजनों के बीच हुए लग्न

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। विद्याधाम मंदिर बिजासन रोड पर देवउठनी एकादशी के उपलक्ष्य में कल गोधूलि बेला में तुलसी और भगवान शालिग्राम का विवाह संपन्न हुआ। महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य में भगवान विष्णु को दूल्हे के रूप में मोगरे एवं गुलाब के पुष्पों से श्रृंगारित कर आश्रम परिसर में रथ-बग्घी तथा बारातियों सहित चल समारोह निकाला गया। 250 वेदपाठी छात्र भी इस बारात में शामिल हुए। तुलसी को भी दुल्हन के रूप में सजाकर गन्ने एवं चुनरी के मंडप में विराजित कर कन्यादान किया गया। विद्युत और पुष्प सज्जा की गई।आतिशबाजी भी की गई, भजनों की प्रस्तुतियां भी हुई, बारात में नृत्य भी किया गया। भगवान और माता के जयकारे भी लगे।



पंचदेव मंदिर पर माता पूजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। पंचदेव मंदिर एमआइजी कॉलोनी में चटपट माता का पूजन किया गया। परिवार में सुख शांति, संतान और परिवार के मंगल कामना माता से की गई। रमा दीदी का मार्गदर्शन मिला। सुहाग का सिंदूर भी लगाया गया।

शंकराचार्य के आज शाम आगमन पर होगी अगवानी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शंकराचार्य पद पर सुशोभित होने के बाद श्रृंगेरी मठ के जगदगुरु शंकराचार्य श्री श्री विधुशेखर भारती सन्निधानम पहली बार आज शाम 6.30 बजे इन्दौर पहुंचकर सीधे स्कीम 51 संगम नगर, पॉवर हाउस के पास स्थित पं. नानूराम शर्मा सभागृह पहुंचेंगे,108 विद्वान शंखों की मंगल ध्वनि करेंगे। स्वस्ति वाचन एवं वैदिक मंगलाचरण के बीच उनकी अगवानी होगी। वंदनवार और रंगोली, पुष्पवर्षा आयोजन होंगे। शंकराचार्य भगवान चन्द्रमौलीश्वर की विशेष पूजा भी पहली बार इंदौर में करेंगे जो तीन दिनों तक निर्धारित समय पर की जाएगी। विशिष्ट पूजा दर्शन का लाभ श्रद्धालु ले सकते है। आज शाम शंकराचार्यजी के साथ 60 से अधिक विद्वानों और आचार्यों का अतिविशिष्ट दल भी इंदौर आ रहा है। इनके अलावा दक्षिण भारत के करीब 150 से अधिक भक्त भी उनके दर्शन करने इंदौर आएंगे। रामचंद्र शर्मा वैदिक ने बताया कि सभागृह में रात को 108 विद्वान सुंदरकांड का पाठ भी करेंगे। भगवान की पूजा भी होगी। रविवार 22 नवम्बर को शंकराचार्यजी सुबह शहर के सभी प्रमुख धर्मस्थलों के देव दर्शन करेंगे। 22 नवम्बर को दोपहर 12 बजे संगम नगर में् भक्तों को आशीर्वचन भी देंगे। गीता भवन में इसी दिन शाम 6 बजे नागरिक अभिनंदन भी शंकराचार्य का होगा। आयोजन में बडी संख्या में श्रद्धालु और राजनेता मौजूद रहेंगे।

अग्रवाल महासंघ का मिलन और अन्नकूट

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



श्री अन्नपूर्णा क्षेत्र अग्रवाल महासंघ ने गार्डन में दीपावली मिलन एवं अन्नकूट महोत्सव में भगवान श्रीनाथजी, महाराजा अग्रसेन, कुलदेवी महालक्ष्मी को छप्पन भोग लगाकर महाआरती की गई। किशोर गोयल ने बताया कि बडी संख्या में समाजजनों ने परिवार सहित इस धार्मिक आयोजन में शिरकत की। मयंक-तनु अग्रवाल, गोपाल-आशा बंसल एवं अभिषेक-सुरभि को सम्मानित किया गया। मनोज अग्रवाल, विष्णु गोयल, शिव गर्ग, शिव जिंदल, संजय अग्रवाल, सुरेश गुप्ता, ओमप्रकाश अग्रवाल, रत्नेश गोयल, राजेन्द्र गर्ग, पिंकेश मोदी, संजय गोयनका, अनिता ऐरन, प्रतीक गोयल, मनीष अग्रवाल, अभिषेक सोनथालिया, अमित मंगल, गोविन्द गोयल, दिनेश गर्ग, प्रहलाद अग्रवाल, मनोज गुप्ता, गणेश अग्रवाल, राजेश गर्ग, दिनेश-सोनिया गर्ग, अनिल अग्रवाल, विजय अग्रवाल, दीपिका पोत्दार, रेखा अग्रवाल, रिंकू अग्रवाल, रीना गोयल, धर्मेन्द्र गर्ग ने अपनी भूमिका निभाई।

वैश्य महिलाओं ने किया सामूहिक तुलसी विवाह आयोजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। वैश्य महिला महासंगठन मध्य प्रदेश एवं समृद्धि पार्क की महिलाओं द्वारा कल देवउठनी ग्यारस पर तुलसी विवाह का सामूहिक आयोजन किया गया। विवाह के पूर्व बाना भी निकाला गया, जिसका जगह-जगह स्वागत भी हुआ। दीपिका गोयल, डॉ. तरु गुप्ता ने बताया कि मातृशक्तियां लाल कपड़ों की वेशभूषा में सोलह श्रृंगार कर पहुंची थी। भगवान सालीगराम की बारात में भी मातृशक्तियां शामिल हुई। ऊषा बंसल, किरण मुरारका, अंजू अग्रवाल, हंसा अग्रवाल, मुक्ति अग्रवाल, सुनीता कंदोई, रेखा शाह, रचना शाह, सुरेखा गुप्ता, हेमा काबरा, कुमुद बिंदल, सीमा अग्रवाल, चंचल गोयल, किरण खजांची, नम्रता बदरुका, उमा गुप्ता, संगीता बाफना, सरिता बंसल मौजूद थी।



कई घरों में तुलसी विवाह आज

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। तिथियों की घट-बढ़ और दो दिनों तक एक तिथि होने के कारण कई त्योहार दो मनाए जा रहे है। एकादशी भी कल के बाद आज भी मनाई जा रही है। कुछ पंचाग के अनुसार एकादशी तिथि कल दोपहर से प्रारम्भ होकर आज सुबह तक रही। वहीं कुछ लोगों ने तुलसी विवाह का आयोजन तो कल शाम को किया लेकिन एकादशी व्रत आज कर रहे है। वहीं कई घरों में तो एकादशी व्रत और तुलसी विवाह आज ही मनाया जा रहा है। खासतौर पर गोवर्धननाथ मंदिर से जुडे वैष्णवजन आज देवउठनी ग्यारस मना रहे है।

अग्रसेन सोशल ग्रुप ने किया सम्मेलन के लिए कार्यालय का शुभारम्भ

अगले माह होना है तीन दिनों तक आयोजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



अग्रसेन सोशल ग्रुप का तीन दिवसीय अ. भा. अग्रवाल युवा परिचय सम्मेलन शुभ कारज गार्डन में 19,20 एवं 21 दिसम्बर तीन दिनों तक आयोजित होगा। इस आयोजन के लिए कार्यालय का शुभारम्भ शहर के मध्य हुकुमचंद मार्ग पर महामंडलेश्वर चेतन स्वामी, नकुल पाटोदी के आतिथ्य में किया गया। शिव जिंदल, राजेश गर्ग ने बताया कि सम्मेलन के लिए कार्यालय रोजाना दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक खुला रहेगा। सम्मेलन की प्रविष्टियां ऑनलाइन भी लिंक से भरी जा सकती हैं। अभी तक 12 राज्यों से 300 से अधिक प्रविष्टियां ऑनलाइन प्राप्त हो चुकी हैं। ये सभी प्रविष्टियां उच्च शिक्षित प्रत्याशियों की है।200 से अधिक प्रविष्टियां युवकों की है जबकी 100 से अधिक प्रविष्टियां युवतियों की है। शीघ्र ही देश भर के 100 से अधिक केंद्रों पर सम्मेलन फॉर्म उपलब्ध करवाए जायेंगे। सम्मेलन की सभी तैयारियों को वरिष्ठ समाजसेवियों के मार्गदर्शन में अंतिम रूप दिया जा रहा है। क़ार्यक्रम में शिव जिंदल, राजेश गर्ग, राजू बंसल, कमलेश मित्तल, विजय गर्ग, राजकुमार बंसल, ज्योति अग्रवाल, मनीष मित्तल, निरंजन गुप्ता, शरद गोयल,हरीश अग्रवाल, गोपाल गर्ग,सतीश गोयल मौजूद थे।

महावर और कुण्डवाल सूरत रवाना

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। कोरी/कोली सामाजिक एकता संगठन की गुजरात प्रदेश इकाई द्वारा कल 22 नवम्बर को सूरत में आयोजित वीरांगना झलकारी देवी की 196 वीं जन्म जयंती समारोह के लिये इन्दौर के कोली समाज के प्रहलाद महावर और नरसिंह कुण्डवाल को भी अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है। आज दोनों टीम के साथ सूरत रवाना हुए है।

कल तक आवेदन नहीं किया तो नहीं मिलेगी पीएचडी सीट, तारीख बढ़ाने पर विचार

कम रिस्पॉन्स से डीएवीवी चिंतित



इंदौर। देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी से पीएचडी एडमिशन के लिए आवेदन की अंतिम तारीख 22 नवंबर है। अगर आवेदन नहीं किया तो अवसर नहीं मिल पाएगा। यूनिवर्सिटी ने 2 नवंबर से अभ्यर्थियों के लिए भी आवेदन की लिंक ओपन कर दी थी। डीएवीवी में नॉन डीईटी में 17 विषय और 424 सीटें हैं। वही डीईटी में कुल 10 सब्जेक्ट और 80 सीटें है।

इन विषयों में नहीं कोई सीट- डेटा साइंस, स्टेटेस्टिक्स, डांस, जियोग्राफी, हिस्ट्री, म्यूजिक, पॉलिटिकल साइंस,संस्कृत, उर्दू, केमेस्ट्री, अप्लाइड मैथ्स, अंग्रेजी।

10 को होगी प्रवेश परीक्षा- इस बार भी एडमिशन प्रक्रिया दो तरह से होगी। एक डीईटी और दूसरी नॉन डीईटी। डीईटी में इंजीनियरिंग के सब्जेक्ट हैं। ये वे विषय हैं, जिनमें यूजीसी नेट नहीं होती है। इन विषयों के लिए 10 दिसंबर को प्रवेश परीक्षा होगी। फिर पास अभ्यर्थियों को आरएसी (रिसर्च एडवाइजरी कमेटी) के समक्ष इंटरव्यू देना होगा।

ये रहेंगे विषय : एप्लाइड केमेस्ट्री, एप्लाइड फिजिक्स, कम्प्यूटर इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग, इंस्ट्रूमेंटेशन, ट्राइबल स्टडीज, आईटी, फॉर्मेसी, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेली कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग व अन्य।

क्या होगा, जल्द पता चलेगा- कोर्ट की तरफ से कोई राहत नहीं मिली तो सरकार को इस मामले में 30 दिसंबर से पहले कोई निर्णय लेना होगा अन्यथा 2027 की राज्य एवं वन सेवा जैसी परीक्षाएं संकट में पड़ जाएंगी। इसकी वजह यह है कि इन परीक्षाओं की अधिसूचना एमपी पीएससी को 31 दिसंबर से पहले जारी करना अनिवार्य है। यही वजह है कि हर साल पीएससी 30 दिसंबर को ही यह अधिसूचना जारी करता है। ओबीसी आरक्षण विवाद 14 फीसदी रहे या 27 फीसदी किया जाए, यह मामला कोर्ट में होने की वजह से पीएससी सितंबर 2022 से सारे परिणाम और चयन सूची 87-13 फॉर्मूले के तहत ही घोषित कर रहा था। बाकायदा हर परीक्षा के विज्ञापन में इसका जिक्र शर्तों के साथ किया जा रहा था। कोर्ट के फैसले के बाद अब पीएससी को नई भर्ती परीक्षा के विज्ञापन में यह स्पष्ट करना जरूरी है कि 100 फीसदी रिजल्ट जारी किए जाएंगे या 87-13 का फार्मूला लागू रहेगा। अगर ऐसा किए बगैर विज्ञापन जारी हुए तो बाद में पीएससी की कानूनी उलझन बढ़ जाएगी।

बताते हैं कि फॉरेस्ट, स्टेट सर्विस के साथ 2027 के लिए 10 से ज्यादा परीक्षाओं की अधिसूचना जारी होने की संभावना है। इसमें स्टेट इंजीनियरिंग सर्विस, असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती, सेट (स्टेट एलिजिबिलिटी टेस्ट), मेडिकल ऑफिसर भर्ती, मेडिकल एक्सपर्ट, डेंटल सर्जन, होम्योपैथी, आयुर्वेद और यूनानी मेडिकल ऑफिसर भर्ती, असिस्टेंट मैनेजर और फूड सेफ्टी ऑफिसर जैसी परीक्षाओं के विज्ञापन आने की संभावना है। लेकिन बगैर फॉर्मूला तय हुए विज्ञापन जारी नहीं हो पाएंगे। वैसे हाईकोर्ट ने अपने फैसले में सब साफ कर दिया है। इसलिए सितंबर 2022 से अब तक के रुके हुए 60 से ज्यादा परीक्षाओं के 13 फीसदी परिणाम, जिनमें 1300 से अधिक पद हैं, वे जारी करना चाहिए। इसमें 2019 से लेकर 2024 तक की कुल 6 राज्य और वन सेवा परीक्षा भी शामिल हैं।

नॉन डीईटी : नेट क्वालिफाई होना जरूरी

दूसरी प्रक्रिया नॉन डीईटी की होगी। इसमें इस बार 17 विषय रहेंगे। इन विषयों में नेट क्वालिफाई अभ्यर्थियों को ही रजिस्ट्रेशन की पात्रता रहेगी। जो भी छात्र नेट क्वालिफाई हैं और आवेदन करेंगे, उन्हें कमेटी के समक्ष इंटरव्यू देना होगा। इंटरव्यू के बाद सिलेक्शन लिस्ट जारी होगी। कम्प्यूटर साइंस, सोशल साइंस, इलेक्ट्रॉनिक्स, होम साइंस, मैथमेटिक्स, सोशल वर्क, सोशियोलॉजी, सोशल साइंस, जूलॉजी, हिंदी, मैथ्स, फिजिक्स,कॉमर्स, मैनेजमेंट, एजुकेशन, लॉ, बायोटेक्नोलॉजी, बॉटनी, जर्नलिज्म, फिजिकल एजुकेशन, लाइफ साइंस विषय है।



ब्रिज के नीचे मिलेगी स्मार्ट हब में खेल सुविधा

इंदौर। केसरबाग रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे आखिर अब लंबे समय के बाद खेलने की सुविधा मिलेंगी। जिसको लेकर टेंडर संबधित प्रोसेस और प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। यही नहीं आने वाले दिनों में बेहद जल्द पीपीपी मॉडल पर निगम यहां लाखों रुपए खर्चकर स्मार्ट हब के रूप में ब्रिज के नीचे लंबे समय से खाली पड़ी जगह को खेल मैदान के रूप विकसित किया जाएगा। जिसको लेकर क्षेत्र के रहवासी परिवार और खिलाड़ियों द्वारा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से लगातार मांग की जा रही थी। जो अब जाकर पूरी होने की उम्मीद जगी है।

पीपीपी मॉडल पर लाखों खर्चकर तैयार होगा खेल मैदान- जहां क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए खेल की सुविधा के लिए आकर्षक सर्व सुविधा युक्त नवीन मैदान तैयार किया जाएगा। जहां क्षेत्र के खिलाड़ियों को ब्रिज के नीचे टर्फ क्रिकेट से लेकर हॉकी , फुटबॉल और बैडमिंटन जैसे पारंपरिक खेलों को खेलने की सुविधा मिलेगी। जिसके लिए निगम द्वारा हाल ही में टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वहीं अब अगले दो से तीन माह में बेहद जल्द पब्लिक पार्टनरशिप पीपीपी मॉडल पर ब्रिज के नीचे के हिस्से में सर्व सुविधायुक्त स्मार्ट हब के रूप में आकर्षक खेल मैदान का निर्माण किया जाएगा। जहां खिलाडियों को खेल खेलने के साथ प्रेक्टिस के लिए जगह और अन्य खेल गतिविधियों को संचालित करने के लिए पीपीपी मॉडल पर एजेंसी की मदद से ब्रिज के नीचे सालों से खाली पड़ी जगह में आईडीए की तर्ज पर क्षेत्र के खिलाडियों के लिए नया खेल मैदान नजर आएगा।

संस्कृति रक्षा मंच ने किया मिलन आयोजन



राजगढ़-धार (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। सनातन संस्कृति रक्षा मंच के तत्वावधान में मोहनखेड़ा महातीर्थ स्थित म्यूजियम के पास अभिनंदन गार्डन में भव्य दीपावली एवं हिंदू मिलन समारोह का आयोजन किया गया। सम्मेलन में बलाई समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार, राजेश मूणत अतिथि के रूप में मौजूद रहे। संस्कृति संरक्षण,सामाजिक एकता और लव जिहाद जैसे विषयों पर जागरूकता का आह्वान किया गया। दीपक पटेल ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मनोज परमार ने सार्थक उदबोधन भी दिया। अंतिम ठाकुर, जितेंद्र बागड़िया,चंदन शर्मा, दीपक चौधरी,विजय जायसवाल,नितिन भंडारी,नीलेश सोनी,आशीष सोलंकी,लखन पवार,संजय सोनी,विनय भंडारी,मनीष,विपिन पांडे,सुजीत ठाकुर उपस्थित रहे।

दिसंबर में खत्म होगा सस्पेंस, सरकार को स्टे मिला तो जारी रहेगा 87-13 का फार्मूला

इंदौर। एमपी पीएससी के परिणामों पर चल रहा सस्पेंस दिसंबर में खत्म होने की संभावना है। अगर सुप्रीम कोर्ट से ओबीसी आरक्षण मामले पर सरकार को स्टे मिला तो फिर 2027 की परीक्षाओं में भी 87-13 का फार्मूला जारी रहेगा। लेकिन अगर स्टे नहीं मिला तो पुराने रुके हुए 13 फीसदी परिणाम भी आएंगे। नई वैकेंसी भी उसी आधार पर आएगी। फिलहाल तो वन और राज्य सेवा भर्ती परीक्षा 2027 सहित भविष्य में होने वाली तमाम भर्ती परीक्षाओं की नई वैकेंसी भी संकट में है। नई वैकेंसी तब तक जारी नहीं होगी, जब तक कि सरकार 87-13 के फॉर्मूले पर कोई निर्णय नहीं ले लेती। हाई कोर्ट द्वारा ओबीसी आरक्षण खारिज किए जाने के बाद मामला सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई लिस्ट में आखिर आ ही गया है।

जैन दिवाकर विद्या निकेतन विवाद

खाली कागज पर ट्रस्टियों के हस्ताक्षर क्यों करवाए गए?

इस्तीफों की कथित रणनीति से लेकर संस्थाओं के नाम और विरासत पर उठे सवाल, दिवाकर परंपरा के श्रावकों में नाराजगी

इंदौर सिटी ब्लास्ट (अक्षय जैन)। जैन दिवाकर विद्या निकेतन को लेकर उठे विवाद ने अब केवल संस्था के संचालन और प्रबंधन तक सीमित न रहकर कई गंभीर सवालों को जन्म दे दिया है। समाज के बीच सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जैन दिवाकर चौथमल जी महाराज के नाम और उनकी प्रेरणा से स्थापित शिक्षण संस्था के सभी ट्रस्टियों से सादे कागज पर हस्ताक्षर क्यों करवाए गए? आखिर ऐसी कौन-सी परिस्थिति थी, जिसमें ट्रस्टियों को खाली कागज पर अपने हस्ताक्षर करने पड़े? क्या यह सामान्य प्रक्रिया थी, किसी दबाव का परिणाम था या इसके पीछे कोई सुनियोजित रणनीति काम कर रही थी?

समाज के जागरूक श्रावक और संस्था से जुड़े कुछ लोगों के बीच यह सवाल भी चर्चा में है कि क्या ट्रस्टियों को किसी प्रकार का प्रलोभन दिया गया था? यदि ऐसा नहीं था तो फिर इस्तीफों की प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से, विधिवत लिखित दस्तावेजों और ट्रस्ट की निर्धारित संवैधानिक प्रक्रिया के तहत क्यों नहीं अपनाई गई? इन सवालों का जवाब सामने आना जरूरी है। विवाद से जुड़े कुछ समाजजनों का आरोप है कि इस पूरे घटनाक्रम में रमेश भंडारी की भूमिका सबसे अधिक सवालों के घेरे में है। उनका मानना है कि संस्था के संवैधानिक स्वरूप और समाज की भावनाओं को दरकिनार कर फैसले करवाने की कोशिश हुई। हालांकि इन आरोपों पर रमेश भंडारी का पक्ष और उनका स्पष्टीकरण भी सामने आना चाहिए, ताकि वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके।

मामला केवल ट्रस्टियों के हस्ताक्षर तक सीमित नहीं है। दिवाकर परंपरा से जुड़े कुछ वरिष्ठ श्रावकों का कहना है कि पूर्व में भी संस्थाओं और धार्मिक विरासत से जुड़े मामलों में ऐसे निर्णय हुए, जिनसे समाज के भीतर असंतोष और अलगाव की स्थिति बनी। केवल मुनि के देवलोगमन के बाद अचानक महावीर भवन की दूसरी मंजिल पर रखे केवल मुनि महाराज के निजी सामान से जुड़ी अलमारी को हटवाकर अन्यत्र पहुंचाने के आरोप भी चर्चा में हैं। इस घटनाक्रम की भी निष्पक्ष जांच और तथ्यात्मक स्पष्टीकरण की मांग उठ रही है। समाज के कुछ लोगों का यह भी कहना है कि इंदौर में दिवाकर परंपरा के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी और श्रावक मौजूद होने के बावजूद परंपरा से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णयों में सभी को विश्वास में नहीं लिया गया। इससे समाज में संवाद के बजाय भ्रम और मतभेद बढ़े। कुछ श्रावकों ने आरोप लगाया है कि अतीत में भी परंपरा के भीतर अलगाव की स्थिति पैदा हुई और अब वही प्रवृत्ति संस्थाओं के संचालन में दिखाई दे रही है।

सबसे गंभीर सवाल यह है कि जिन संस्थाओं की स्थापना गुरुजनों की प्रेरणा, समाज के दानदाताओं के सहयोग और श्रावकों की आस्था से हुई, उनके नाम, उद्देश्य और मूल पहचान में बदलाव का अधिकार आखिर किसे है? क्या कुछ पदाधिकारियों या ट्रस्टियों को समाज की सामूहिक विरासत पर मनमाने निर्णय लेने का अधिकार मिल जाता है? दिवाकर परंपरा के भक्तों और संस्था से जुड़े लोगों की ओर से मांग उठ रही है कि खाली कागजों पर करवाए गए हस्ताक्षरों, कथित इस्तीफों, ट्रस्ट की बैठकों के प्रस्तावों, संपत्ति और प्रबंधन से संबंधित निर्णयों की निष्पक्ष जांच हो। यदि किसी प्रकार की अनियमितता, दबाव या धोखाधड़ी प्रमाणित होती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाए। अब समाज को आरोप-प्रत्यारोप नहीं, दस्तावेजों के साथ जवाब चाहिए। ट्रस्टियों ने खाली कागज पर हस्ताक्षर क्यों किए? किसके निर्देश पर किए? उनका उपयोग किन प्रस्तावों या निर्णयों में हुआ? क्या सभी ट्रस्टियों की स्वतंत्र सहमति थी? और क्या संस्था के मूल उद्देश्य तथा गुरुजनों की स्मृति सुरक्षित है?

जैन दिवाकर विद्या निकेतन किसी व्यक्ति विशेष की निजी जागीर नहीं, बल्कि समाज की आस्था, दानदाताओं के विश्वास और गुरुजनों की प्रेरणा से खड़ी हुई धरोहर है। इस धरोहर को लेकर उठे सवालों का जवाब अब पारदर्शिता, निष्पक्ष जांच और संवैधानिक प्रक्रिया से ही मिल सकता है।

संपादकीय

सरकारी रियायतों से कंपनियों का मुनाफा बढ़ा, कर्मचारियों का वेतन क्यों नहीं बढ़ाया

फेडरेशन आफ इंडियन चैंबर्स आफ कामर्स एंड इंडस्ट्री यानी फिक्की के सौ वर्ष पूरे होने के मौके पर हुई एक बैठक में प्रधानमंत्री ने उद्योग जगत से पूछा कि सरकार की ओर से करों में रियायत दिए जाने के बावजूद कंपनियों ने कर्मचारियों की संख्या और उनके वेतन में उसी अनुपात में बढ़ोतरी क्यों नहीं की। वैश्विक स्तर पर देश की अर्थव्यवस्था को अगर शीर्ष क्रम की दौड़ में मजबूत स्थिति में बताया जा रहा है, तो इसके पीछे एक सुचिंतित आर्थिक नीति और उद्योग जगत का योगदान है। देश का औद्योगिक क्षेत्र आज चुनौतियों के सामने खुद को सक्षम पा रहा है, तो इसमें सरकार से अनेक स्तर पर मिली रियायतें और कर-छूट के सहयोग की बड़ी भूमिका रही है। हालांकि सरकारी रियायतें हासिल करने के समांतर होना यह चाहिए था कि उद्योग जगत इसके लाभ का विस्तार और वितरण अपने कामगारों से लेकर आम लोगों तक करता, लेकिन हुआ यह कि कंपनियों ने अपने लिए तो मुनाफे का दायरा विस्तृत कर लिया, लेकिन न तो नई नौकरियों का अपेक्षित विस्तार हुआ और न ही मौजूदा कर्मचारियों के वेतन में आनुपातिक और न्यायपूर्ण बढ़ोतरी हुई। यही नहीं, वस्तुओं की कीमतों में लगातार इजाफे के बावजूद ज्यादातर कंपनियों के उत्पाद की गुणवत्ता और मात्रा में जिस स्तर की गिरावट देखी गई, उससे यह सवाल उठा है कि आखिर बेहिसाब मुनाफे के एवज में कंपनियां देश और समाज को क्या दे रही हैं! देश की अर्थव्यवस्था को गति देने वाले कारकों को मजबूत करने के लिए सरकार अपनी ओर से कुछ अतिरिक्त सुविधाएं मुहैया कराती है, तो कायदे से उसके उपयोग के परिणामों का भी ध्यान रखा जाना चाहिए। विडंबना यह है कि सरकार इसे उम्मीद के सहारे छोड़ देती है और इस नीति से लाभ उठाने वाली कंपनियां अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ लेती हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को उद्योग जगत के सामने जो सवाल रखे हैं, वे वक्त का तकाजा हैं और आम लोगों के हक का हिसाब खोजने की तरह है। गौरतलब है कि फेडरेशन आफ इंडियन चैंबर्स आफ कामर्स एंड इंडस्ट्री यानी फिक्की के सौ वर्ष पूरे होने के मौके पर हुई एक बैठक में प्रधानमंत्री ने उद्योग जगत से पूछा कि सरकार की ओर से करों में रियायत दिए जाने के बावजूद कंपनियों ने कर्मचारियों की संख्या और उनके वेतन में उसी अनुपात में बढ़ोतरी क्यों नहीं की। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि उद्योग जगत सरकार से मिली रियायतों का लाभ उत्पादन की गुणवत्ता बढ़ाने और उन्हें विश्वस्तरीय बनाने में खर्च नहीं कर रहा। अर्थव्यवस्था को आंकड़ों के आईने में देखे जाने के समांतर प्रधानमंत्री ने जो सवाल उठाए हैं, आमतौर पर उनकी अनदेखी का हासिल यह रहा है कि देश के आर्थिक संसाधनों पर कब्जा तथा मुनाफे का दायरा कुछ लोगों और तबकों के बीच सिकुड़ता गया है। वहीं ज्यादातर आबादी रोजी-रोटी और रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुओं की फिक्र में अपने वाजिब हक से दूर होती गई है। एक ओर सरकार ने अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के मकसद से उद्योग जगत को हर स्तर पर रियायतें या कर-राहत दी, लेकिन इन सुविधाओं को कंपनियों ने अपने मुनाफे का जरिया बना लिया। नए रोजगार देने, मौजूदा कर्मचारियों का वेतन बढ़ाने और उन्हें अन्य अधिकार देना तो दूर, कीमतों में इजाफे के बावजूद बहुत सारी कंपनियों के उत्पादों की गुणवत्ता में या तो गिरावट देखी गई या फिर उनकी मात्रा में इस तरह कमी की गई कि लोगों का ध्यान उस पर नहीं जाए। ठीक इसी समय निर्यात की जाने वाली वस्तुओं की गुणवत्ता के अलग मानक देखे जा सकते हैं। सवाल है कि क्या देश के आम नागरिक उचित कीमत पर बेहतरीन गुणवत्ता और मात्रा वाली वस्तुएं हासिल करने के हकदार नहीं हैं? यह ध्यान रखने की जरूरत है कि रोजगार के अभाव और आय में कमी के बीच अगर लोगों की क्रयशक्ति कमजोर होती है, तो इसका खमियाजा आखिरकार उद्योग जगत को भी भुगतना पड़ सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्योग जगत से रोजगार बढ़ाने और कर्मचारियों की सैलरी में इजाफा करने की अपील के बाद कांग्रेस ने उन पर निशाना साधा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री पर अपनी नाकामियों का ठीकरा कारोबारी समुदाय पर फोड़ने का आरोप लगाया।

सोना-चांदी के आज के भाव



गोल्ड कैश	एमसीएक्स
125900	121949
सिल्वर कैश	एमसीएक्स
153000	148900

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है

▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

कमरे में घुसकर महिला से दुष्कर्म

पति पर चाकू से हमला करने के बाद सामने आया मामला, आरोपी पर प्रकरण दर्ज

इंदौर। किशनगंज थाना क्षेत्र में एक 24 वर्षीय महिला के साथ घर में घुसकर जबरन दुष्कर्म करने और बाद में उसके पति के साथ मारपीट करने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ दुष्कर्म, जान से मारने की धमकी और एट्रोसिटी एक्ट की संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

किशनगंज पुलिस के अनुसार, 24 वर्षीय पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अनुसूचित जाति के अंतर्गत आती है। पीड़िता का पति आरोपी के यहां काम करता था, जिसके चलते पीड़िता का परिवार आरोपी के घर के परिसर में बने कमरे में ही रहता था। पीड़िता ने बताया कि 28 अक्टूबर को आरोपी अरबाज पटेल पिता इस्लाम पटेल, निवासी ग्राम केवटी, किशनगंज अचानक उसके कमरे में घुस आया और उसे जबरन पकड़कर जमीन पर पटक दिया। पीड़िता के मुताबिक, आरोपी ने उसका मुंह दबाया और चिल्लाने या किसी को बताने पर जान से खत्म करने व उसके पति को काम से निकालने की धमकी दी, जिसके बाद उसने जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया। डर और बदनामी के भय से पीड़िता ने उस समय यह बात किसी को नहीं बताई। पुलिस के अनुसार, इसके बाद 1 नवंबर को आरोपी अरबाज पटेल ने पीड़िता के पति के साथ चाकू से मारपीट की, जिससे पीड़िता और अधिक सहम गई। फिर 11 नवंबर को आरोपी अरबाज पटेल ने दोबारा पीड़िता के पति के साथ मारपीट की, जिसकी शिकायत किशनगंज थाने में की गई थी। लगातार हो रही घटनाओं और धमकियों के बाद पीड़िता ने अपने साथ हुए दुष्कर्म की घटना की जानकारी अपने पति, मां और पिता को दी। परिजनों से चर्चा के बाद पीड़िता थाने पहुंची और मामले की शिकायत दर्ज कराई। किशनगंज थाना पुलिस ने आरोपी अरबाज पटेल के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी की तलाश और आगे की वैधानिक जांच शुरू कर दी है।

बात न करने पर युवक ने महिला को पीटा

इंदौर। खजराना थाना क्षेत्र स्थित प्रीमियम रीजेंसी मंगलमूर्ति नगर में बात न करने की बात को लेकर एक युवक ने 35 वर्षीय महिला के साथ गाली-गलौज और मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पहले गाली-गलौज की विरोध किया तो धमकाया भी

खजराना पुलिस के अनुसार, यह घटना मंगलमूर्ति नगर स्थित प्रीमियम रीजेंसी परिसर में हुई। मामले में 35 वर्षीय पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी ईश्वर सिंह जाट निवासी पुराना टीन शेड, श्योपुर के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी ईश्वर सिंह जाट ने उससे बात न करने की रंजिश के चलते उसके साथ गाली-गलौज की और विरोध करने पर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

महिला से छेड़छाड़ मारपीट

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

हातोद थाना क्षेत्र में सड़क से गुजर रही 35 वर्षीय महिला के साथ छेड़छाड़ और मारपीट का मामला सामने आया है। विरोध करने पर आरोपियों ने महिला से मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

हातोद पुलिस के अनुसार, यह घटना 19 नवंबर को ग्राम पुवाडला कांकड़ क्षेत्र में हुई। पीड़िता सड़क से जा रही थी, तभी आरोपियों ने उससे विवाद किया और बुरी नीयत से उसका हाथ पकड़कर मरोड़ दिया। महिला द्वारा विरोध किए जाने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। पीड़िता की शिकायत पर हातोद पुलिस ने आरोपी भारत, सुनील और शंकर के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच व आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

एमडी ड्रग्स सप्लाई करने वाला धराया

पूर्व में गिरफ्तार आरोपी की निशानदेही पर कार्रवाई



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। क्राइम ब्रांच ने 15 ग्राम अवैध एमडी ड्रग्स के साथ पकड़ाए तस्कर की निशानदेही पर उसे ड्रग्स सप्लाई करने वाले आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर दोनों आरोपियों से तस्करी के नेटवर्क के संबंध में पूछताछ शुरू कर दी है।

क्राइम ब्रांच के अनुसार, गत 17 नवंबर को टीम शहर में गश्त और चेकिंग कर रही थी, तभी एमआर-04 रोड स्थित सरस्वती नदी पुलिया के पास एक संदिग्ध युवक अपनी बाइक के साथ खड़ा दिखाई दिया। टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा, जिसने पूछताछ में अपना नाम शाहरूख उर्फ एमडी निवासी राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र बताया। संदेह के आधार पर उसकी एचएफ 100 मोटरसाइकिल की तलाशी ली गई, तो सीट कवर के नीचे छिपाकर रखी गई 15 ग्राम अवैध एमडी ड्रग्स बरामद हुई। पुलिस ने मौके से मादक पदार्थ और मोटरसाइकिल जब्त कर ली। मौके पर ही शाहरुख उर्फ एमडी से ड्रग्स लाने के स्रोत को लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई, जिस पर उसने बताया कि वह यह मादक पदार्थ एरोड्रम क्षेत्र निवासी सूरज तिवारी से लेकर आया था। इस सूचना के बाद क्राइम ब्रांच टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सप्लायर सूरज तिवारी निवासी एरोड्रम थाना क्षेत्र की तलाश शुरू की और घेराबंदी कर उसे भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, सूरज तिवारी 10वीं कक्षा तक शिक्षित है और ड्राइविंग का काम करता है। क्राइम ब्रांच थाने में दोनों आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/22 और 8/29 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस अब दोनों आरोपियों से एमडी ड्रग्स की मूल सप्लाई चेन और नेटवर्क से जुड़े अन्य साथियों के बारे में गहन पूछताछ कर रही है।

देशी कट्टा और कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत पुलिस ने की कायमी

इंदौर। महू थाना क्षेत्र में अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक युवक को देशी कट्टा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर हथियार के स्रोत और उसके आपराधिक रिकॉर्ड के संबंध में पूछताछ की जा रही है। महू पुलिस के अनुसार, इलाके में धरपकड़ कार्रवाई के दौरान पुलिस ने संदिग्ध गतिविधि में लिप्त युवक को पकड़ा। उसकी पहचान प्रिंस उर्फ मोर धानुक पिता कमल धानुक निवासी जोशी मोहल्ला, महू के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान आरोपी प्रिंस उर्फ मोर धानुक के कब्जे से अवैध देशी कट्टा और कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने मौके पर ही हथियार व कारतूस जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



ब्राउन शुगर सहित तस्कर गिरफ्तार, स्कूटी समेत 2 लाख का माल जब्त

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। क्राइम ब्रांच ने 12 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर के साथ एक आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से करीब 1.20 लाख रुपए मूल्य की ब्राउन शुगर और तस्करी में प्रयुक्त एक स्कूटी सहित कुल लगभग 2 लाख रुपए का मशरूका बरामद किया गया है। क्राइम ब्रांच एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के अनुसार, टीम शहर में गश्त और संदिग्धों की पतारसी करते हुए एमआर-04 रोड स्थित भैरव बाबा मंदिर तिराहे पर पहुंची। वहां एक व्यक्ति ब्राउन रंग की टीवीएस जुपिटर स्कूटी के साथ संदिग्ध अवस्था में बैठा दिखा, जो पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर घबराने लगा। टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा, जिसने पूछताछ में अपना नाम चमन सिसोदिया निवासी एरोड्रम थाना क्षेत्र बताया। संदेह के आधार पर जब उसकी ब्राउन रंग की टीवीएस जुपिटर स्कूटी की डिक्की की तलाशी ली गई, तो उसके भीतर छिपाकर रखी गई 12 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर अनुमानित कीमत 1,20,000 रुपए बरामद हुई। पुलिस ने मौके से मादक पदार्थ और स्कूटी को जब्त कर लिया। पुलिस के मुताबिक, चमन सिसोदिया कक्षा 8वीं तक पढ़ा है और गाड़ी धोने का काम करता है। उसके खिलाफ पूर्व में एरोड्रम थाने में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की जा चुकी है। क्राइम ब्रांच थाने में आरोपी चमन सिसोदिया के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस अब आरोपी से ब्राउन शुगर के स्रोत, सप्लायरों और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में गहन पूछताछ कर रही है।

35 साल का युवक कर रहा था चरस की तस्करी

छत्रीपुरा पुलिस ने पहले एमडी पकड़ी थी, अब चरस के साथ पकड़ा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि



छत्रीपुरा पुलिस नशे के कारोबार पर नियंत्रण करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है, मुखबिर भी थाना प्रभारी संजीव श्रीवास्तव ने लगा रखे हैं। कल भी मुखबिर से सूचना मिली कि एमओजी लाइन पानी की टंकी के पास एक व्यक्ति चरस के साथ मौजूद है, जो सप्लाई के लिए खड़ा है। सूचना मिलने पर पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर आरोपी कमलेश पिता मुरली मेवाड़ा उम्र 35 साल निवासी लाबरिया भेरू को पकड़ा और उसके पास से 122 ग्राम चरस बरामद की, जिसकी कीमत 1 लाख 20 हजार रु. बताई गई। छत्रीपुरा पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया। इसके पूर्व पुलिस ने एमडी ड्रग्स के साथ भी आरोपी को पकड़ा था। आरोपी से पूछताछ की जा रही है कि चरस कहां से लाया था और किसको सप्लाई करने जा रहा था, जिससे चेन को पकड़ा जा सके। आरोपी के पुराने रिकॉर्ड भी खंगाले जा रहे हैं। कार्रवाई में थाना प्रभारी के साथ हजारीलाल मेहरा, धर्मेन्द्र पाठक, अरुण सिंह, धर्मेन्द्रसिंह सोनगरा, भूपेन्द्र सिंह की भूमिका सराहनीय रही।

एरोड्रम दोहरा हत्याकांड...

फरार आरोपी भाई की तलाश में पुलिस की रातभर दबिश

हिरासत में लिए नाबालिग साथी से पूछताछ जारी

इंदौर। एरोड्रम थाना क्षेत्र में पिता और पुत्री की निर्मम हत्या के मामले में पुलिस की जांच तेज हो गई है। सनसनीखेज दोहरे हत्याकांड के मुख्य संदेही मृतका के भाई को दबोचने के लिए पुलिस टीमों ने रातभर संभावित ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापे मारे, हालांकि आरोपी फिलहाल पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। इधर, पुलिस ने संदेही के एक नाबालिग साथी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है, जिससे घटना से जुड़े कई अहम सुराग मिले हैं।

शुक्रवार को एरोड्रम क्षेत्र के कालानी नगर स्थित एक बंद फ्लैट से 22 वर्षीय हर्षिता यादव का शव बरामद हुआ था। इसके कुछ ही घंटों बाद हातोद थाना क्षेत्र के जंबूड़ी हप्सी में उसके पिता राजू यादव (50 वर्ष) की लाश एक बोरे में बंद मिली थी। पिता का एक हाथ भी कटा हुआ पाया गया था। आशंका जताई जा रही है कि दोनों हत्याएं करीब 36 घंटे पहले की गई थीं। मामले की शुरुआत तब हुई जब कालानी नगर में शाम करीब 7 बजे मकान पर ताला लगा देख रहवासियों को अनहोनी का संदेह हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जब फ्लैट का ताला तोड़कर देखा, तो बेडरूम में हर्षिता की लाश पड़ी मिली। शुरुआती जांच में दुपट्टे से गला घोंटकर उसकी हत्या किए जाने की बात सामने आई। हर्षिता का शव मिलते ही उसके पिता राजू यादव और भाई हर्ष यादव दोनों पेशे से ऑटो चालक की तलाश शुरू की गई। इसी दौरान देर रात लगभग 11:30 बजे हातोद क्षेत्र में राजू यादव का क्षत-विक्षत शव बोरे में मिला। डीसीपी नरेंद्र रावत के अनुसार, मामले में संदेही हर्ष यादव के एक नाबालिग साथी को राउंडअप कर कई बिंदुओं पर पूछताछ की जा रही है। शुरुआती पड़ताल में वारदात के पीछे पारिवारिक संपत्ति का विवाद मुख्य वजह बनकर उभरा है। पुलिस की अलग-अलग टीमें मुख्य आरोपी की सरगर्मी से तलाश कर रही हैं; उसकी गिरफ्तारी के बाद ही हत्याकांड की पूरी साजिश और घटनाक्रम का खुलासा हो सकेगा।

इंदौर स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप कल से

खेल महाकुंभ में 1100 से अधिक प्रविष्ठियां

इंदौर। खेलों को बढ़ावा देने, युवाओं में खेल भावना विकसित करने तथा समाज के हर वर्ग को खेलों से जोड़ने के उद्देश्य से जेएसजी इंदौर (अहिल्या) रीजन एवं वैश्य महासम्मेलन (यूथ विंग) के संयुक्त तत्वावधान में इंदौर स्पोर्ट्स चौंपियनशिप 2026 का भव्य आयोजन 22 से 29 नवंबर तक किया जा रहा है। जैन सोशल ग्रुप रीजन के अध्यक्ष नीलेश वेद ने बताया की इस आयोजन में एथलेटिक्स, शतरंज, पिकलबॉल, बैडमिंटन, कैरम, स्क्वैश, फुटबॉल, क्रिकेट, स्विमिंग एवं टेबल टेनिस सहित कुल 10 खेलों को शामिल किया गया है । प्रतियोगिताओं में 7 वर्ष से लेकर 90 वर्ष तक की आयु के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य खेलों को केवल प्रतिस्पर्धा तक सीमित न रखते हुए परिवारों और समाज के प्रत्येक वर्ग को स्वस्थ जीवनशैली एवं खेल संस्कृति से जोड़ना है।

बैंक खाता किराये पर देने वाला गिरफ्तार

खाते से जुड़ी अंतरराज्यीय साइबर धोखाधड़ी में एफआईआर दर्ज

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। साइबर अपराधों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत क्राइम ब्रांच ने ऑपरेशन मैट्रिक्स के माध्यम से म्यूल बैंक खाते के जरिए हो रही अंतरराज्यीय साइबर धोखाधड़ी का खुलासा किया है। जांच में संयोगितागंज स्थित बैंक खाते का इस्तेमाल साइबर ठगी में होना सामने आया है, जिसके विरुद्ध राजस्थान के हनुमानगढ़ में भी दो शिकायतें दर्ज पाई गई हैं। मामले में खाताधारक को गिरफ्तार कर लिया गया है और अन्य संलिप्त लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।



क्राइम ब्रांच के अनुसार, गृह मंत्रालय के आई4सी और राज्य साइबर पुलिस मुख्यालय से मिले संदिग्ध म्यूल बैंक खातों के डेटा के आधार पर ऑपरेशन मैट्रिक्स के तहत पड़ताल की गई थी। जांच के दौरान सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की संयोगितागंज शाखा में खाताधारक तुषार खेड़े निवासी इंदिरा एकता नगर, इंदौर के नाम पर संचालित बैंक खाते का उपयोग साइबर धोखाधड़ी में किया जाना पाया गया। पुलिस ने साइबर क्राइम पोर्टल का रिकॉर्ड खंगाला, तो इस खाते से संबंधित दो शिकायतें राजस्थान के जिला हनुमानगढ़ में दर्ज मिलीं। जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर क्राइम ब्रांच थाने में खाताधारक और अन्य के विरुद्ध एफआईआर पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। क्राइम ब्रांच की टीम अब खाते का वास्तविक संचालन करने वाले व्यक्ति, लेनदेन के तरीकों और इस साइबर अपराध नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों की भूमिका की गहन जांच कर रही है।

पॉवर लिफ्टिंग एवं बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता 30 को

इंदौर। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर द्वारा महाराजा रणजीत सिंह कॉलेज, इंदौर को संभाग स्तरीय अंतर महाविद्यालयीन पॉवर लिफ्टिंग (पुरुष एवं महिला) एवं बॉडी बिल्डिंग (पुरुष) प्रतियोगिता के आयोजन का दायित्व सौंपा गया है। उक्त प्रतियोगिता 30 नवंबर सोमवार होगी। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय से संबंधित समस्त महाविद्यालय इन प्रतियोगिताओं में भाग ले सकता है।

ड्रग डीलर एसोसिएशन ने किया मिलन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। बेसिक ड्रग डीलर एसोसिएशन ने दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया। व्यापारी और दवा निर्माताओं ने इस मिलन के दौरान निर्माण और व्यापार में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए एकजुटता की बात भी कही। सही समय पर बात सरकार तक पहुंचे यह भी हमारी जिम्मेदारी है यह बात एसोसिएशन के अध्यक्ष जेपी मूलचंदानी ने कही। जेपी मूलचंदानी, हिमांशु शाह, डॉ. दर्शन कटारिया, परेश चावला, अमित चावला, अनिल सबरवाल, विभाष सुरेखा, मुकेश संघवी, प्रीतेश जैन, प्रकाश हिंगोरानी, राकेश अजमेरा, कुलबीरसिंह खालसा, मनीष दावानी, अशोक कुकरेजा, मितिन शाह, अखिलेश जोशी, गुरमीतसिंह छाबड़ा, दिनेश बाफना, सुनील राजदेव, जयेश देसाई, नयन दोषी, लालचंद बावसकर, दिलीप खेतपाल, पारस शाह, जयराम नवलानी, रवि मोटवानी, विजय नवलानी, सार्थक जैन, मुदित जैन मौजूद थे।



सीएम हेल्प लाइन में बिजली कंपनी के सभी 15 जिले ए श्रेणी में

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। सीएम हेल्प लाइन 181 पर दर्ज होने वाली बिजली संबंधी शिकायतों के उचित और सर्वमान्य तरीके से निराकरण में एक बार फिर पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी अव्वल रही है। भोपाल से जारी सूची में बिजली कंपनी के इंदौर, उज्जैन समेत सभी 15 जिले ए श्रेणी में रहे हैं। कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान ने बताया कि प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह के निर्देशानुसार सीएम हेल्प लाइन में दर्ज होने वाली शिकायतों की दैनिक समीक्षा की जाती है।

मयंक ऋषिना, अरनव, ऐशवी फाइनल में

इंदौर । मध्य प्रदेश टेनिस संघ के तत्वाधान में इंदौर टेनिस क्लब द्वारा आयोजित एवं साहिल ग्रुप द्वारा प्रायोजित तृतीय मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय रैंकिंग टेनिस टूर्नामेन्ट में खेले गए सेमीफाइनल मुकाबलों में पुरुष एकल से मयंक राजन, अरनव खंडेलवाल एवं महिला वर्ग से ऋषिना त्रिपाठी, तथा बालिका वर्ग-12 वर्ष आयु से ऐशवी जैन ने फाइनल में जगह बना ली है । पुरस्कार वितरण आज शाम 5.30 बजे महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा किया जाएगा ।



पुरुष एकल के सेमीफाइनल में मयंक राजन (इंदौर) ने आर्यन गोरले (इंदौर) 6-0, 6-0 से तथा अरनव खंडेलवाल (इंदौर) ने आरूष जैन (इंदौर) 6-3, 6-2 से, महिला एकल के सेमीफाइनल में ऋषिना त्रिपाठी (इंदौर) ने रेवा मलिक (इंदौर) 6-0, 6-1 से तथा गणेशी आन्या (इंदौर) ने अवनि जाट (इंदौर) को हराया।

बालक वर्ग-18 वर्ष आयु के सेमीफाइनल में अरनव खण्डेलवाल (इंदौर) ने युग जैन (इंदौर) 6-2, 6-1 से तथा अहान गनात्रा (इंदौर) ने अर्थव पालोद (इंदौर) 7-5, 7-5 से पराजित किया ।

बालिका वर्ग-12 वर्ष आयु के सेमीफाइनल में ऐशवी जैन (इंदौर) ने असमारा हुसैन (इंदौर) 6-0, 6-0 से, बालक वर्ग-14 वर्ष आयु के सेमीफाइनल में गर्व मालपानी (इंदौर) ने ओजस मिश्रा (इंदौर) 6-2, 6-2 से हराया तथा रूहान तलरेजा (इंदौर) ने ऋगवेद मालसे (खरगोन) 6-2, 6-4 से हराया ।

इन्दौर नगर पालिक निगम
कुशाभाऊ ठाकरे झोन क्र. 16

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री नोरतनमल छाजेड़ पिता श्री चम्पालाल छाजेड** द्वारा झोन 16 राजस्व विभाग पर आवेदन क्र. 1218 दिनांक 19/11/2026 के साथ रजिस्ट्री /वसीयतनाम/ वारिसनाते प्रस्तुत कर सम्पत्तिकर पिन नं. 1004513487 पता-15आइकान रेसीडेंसी खसरा नं. 351/7 छोटा बांगड़दा इंदौर पर नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.16 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी
कुशाभाऊ ठाकरे झोन क्र.-16
नगर पालिक निगम इन्दौर

इन्दौर नगर पालिक निगम

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **सुभद्रा चौहान (मेहरा) पति जगदीश मेहरा** द्वारा वार्ड 37 झोन क्र 08 राजस्व विभाग में पता-156 एनआईबी स्कीम नं. 94 इन्दौर पर आवेदन कर पिन नं. 1000983204 रजिस्टर्ड विक्रय पत्र प्रस्तुत कर नामांतरण चाहा है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.08 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्रं. 08
नगर पालिक निगम इन्दौर

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में यूपी के लिए खेलेंगे कुलदीप



यूपी के लिए करो या मरो जैसे होंगे आखिरी मुकाबले

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में उत्तर प्रदेश को अपने आखिरी तीन लीग मुकाबले झारखंड, बंगाल और मिजोरम के खिलाफ खेलने हैं। यूपी का मुकाबला 22 नवंबर को मौजूदा चैंपियन झारखंड से होगा। इसके बाद टीम 24 नवंबर को बंगाल और 26 नवंबर को मिजोरम से भिड़ेगी। उत्तर प्रदेश के लिए सुपर लीग चरण में पहुंचने की उम्मीदें बनाए रखने के लिहाज से ये तीनों मुकाबले बेहद अहम हैं। टीम को अगले चरण में पहुंचने के लिए अपने बाकी मैचों में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार स्पिनर कुलदीप यादव अब घरेलू टी20 क्रिकेट में अपना जलवा दिखाएंगे। न्यूजीलैंड दौरे पर भारतीय टेस्ट टीम से रिलीज किए जाने के बाद कुलदीप यादव सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2026-27 में उत्तर प्रदेश की ओर से खेलेंगे। वह टूर्नामेंट में यूपी के आखिरी तीन लीग मुकाबलों के लिए उपलब्ध रहेंगे। उनकी वापसी से उत्तर प्रदेश की टीम को स्पिन गेंदबाजी में बड़ी मजबूती मिलने की उम्मीद है।

कुलदीप यादव को न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया था, लेकिन बाद में उन्हें टेस्ट टीम से रिलीज कर दिया गया। न्यूजीलैंड दौरे पर कुलदीप को ज्यादा मौके नहीं मिले। उन्होंने सिर्फ चौथे वनडे मुकाबले में हिस्सा लिया था, जहां वह आठ ओवर में 73 रन खर्च किए और कोई विकेट नहीं ले पाए। वहीं, पांच मैचों की टी20 सीरीज में भी उन्हें प्लेइंग इलेवन में जगह नहीं मिली थी।

यूपी को कुलदीप से बड़ी उम्मीदें

उत्तर प्रदेश की टीम के लिए कुलदीप का खेलना काफी अहम माना जा रहा है। टीम के प्रमुख स्पिनर विप्रज निगम फिलहाल दोहा में इंडिया ए की ओर से एशिया कप राइजिंग स्टार्स टूर्नामेंट में खेल रहे हैं। ऐसे में कुलदीप के आने से यूपी के गेंदबाजी आक्रमण को अनुभव और धार दोनों मिलेगी। कुलदीप अपनी चाइनामैन गेंदबाजी और गुगली के लिए जाने जाते हैं। मध्य ओवरों में विकेट निकालने की उनकी क्षमता टी20 क्रिकेट में उत्तर प्रदेश के लिए काफी उपयोगी साबित हो सकती है। इसके अलावा घरेलू क्रिकेट में खेलने से उन्हें भी आगामी अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों से पहले अपनी लय हासिल करने का मौका मिलेगा।



विश्व स्नूकर चैंपियनशिप के खिताबी मुकाबले आज

इन्दौर। भारतीय बिलियर्ड्स एवं स्नूकर महासंघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर इंदौर के यशवंत क्लब में आयोजित आईबीएसएफ वर्ल्ड स्नूकर चैंपियनशिप 2026 में भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी रखे हुए है । भारत के 23 वर्षिय दिग्विजय कादियान, विश्व चैंपियन पंकज आड़वाणी, ध्वज हरिया, ब्रजेश दम्मानी, हांग कांग चाइना के लैंगी रयान ली व टैम युन फन, ईरान के अमीर सरखोश व अली घराहगोज़लू ने पुरुष वर्ग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है । वहीं महिला वर्ग में भारत की इंग्लैंड की 57 वर्षिय टेसा डेविडसन, गत विजेता भारत की अनुपमा रामचंदन, कीर्थना पांडियान, स्थानीय खिलाड़ी अमी कमानी, फिलिपिंस की कार्मिले बुहाट, हांग कांग चाइन की सो मान यान, यी टिंग चुंग, शिउ विंग मैन ने अंतिम आठ में प्रवेश कर लिया है ।

यशवंत क्लब के वातानुकुलित हॉल में खेली जा रही इस प्रतिष्ठित विश्व स्नूकर चैंपियनशिप में पुरुष वर्ग के प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में भारत के पंकज आडवाणी ने भारत के ही रयान राजमी को आसानी से 4-1 से पराजित किया । पंकज ने अपने चितपरिचित अंदाज में क्यू बॉल पर पूरी तरह पकड़ जमाते हुए अंक अर्जित किए और 24 साल के युवा रयान को पराजित किया । पंकज का अब क्वार्टर फाइनल में मुकाबला भारत के ही दिग्विजय कादियान से होगा । इस 23 वर्षिय भारतीय खिलाड़ी दिग्विजय ने क्वार्टर फाइनल में जोरदार खेल का प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड के हार्वे चैंडलर को कड़े मुकाबले में 4-2 से मात दी । पहली फ्रेम हारने के बाद दिग्विजय ने जोरदार वापसी करते हुए दूसरी, तीसरी, चौथी फ्रेम अपने नाम कर 3-1 की बढ़त बना ली । पांचवीं फ्रेम में इंग्लिश खिलाड़ी ने वापसी जरूर की, लेकिन छठीं फ्रेम में वे फिर लय बरकरार नहीं रख सके और दिग्विजय ने हार्वे को हराकर बड़ा उलटफेर किया । दिग्विजय ने 70 और 65 के ब्रेक भी लगाए।



140 का ब्रेक लगाकर जीते आमीर

इरान के आमीर सरखोश ने धमाकेदार अंदाज में खेलेते हुए प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में हांग कांग चाइना के वांग यूचेन को 4-2 से पराजित किया । आमीर ने जोरदार शुरुआत करते हुए पहली ही फ्रेम में 83 का ब्रेक लिया । इसके बाद दूसरी फ्रेम में वांग ने वापसी की और स्कोर 1-1 की बराबरी पर ला दिया। इसके बाद तीसरी फ्रेम में आमीर ने 140 का ब्रेक लगाते हुए जीत हासिल की । वहीं महिला वर्ग में इंग्लैंड की 57 वर्षिय टेसा डेविडसन, गत विजेता भारत की अनुपमा रामचंदन, कीर्तना पांडियान, अमी कमानी, हांग कांग चाइन की ओ मान यान, यी टिंग चेउ, शिउ विंग मा तथा फिलिपिंस की कार्मिल बुहाट क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। प्री-क्वार्टर फाइनल में कार्मिल बुहाट ने आयरलैंड की मार्गरट ओ'ड्रिस्कॉल को 3-1 से तथा हांग कांग चाइना की शिउ विंग मा ने भारत की स्थानीय खिलाड़ी ईशिका शाह को पराजित कर अंतिम आठ में प्रवेश किया।

न्यूज इन बॉक्स

जूनियर फेंसिंग स्पर्धा कल

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। तिलक नगर में स्थित श्री कृष्ण पब्लिक स्कूल में जूनियर फेंसिंग प्रतियोगिता कल 22 नवम्बर को आयोजित की जाएगी। इंदौर फेंसिंग स्पोर्ट्स डेवलपमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष आर्य ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में बालक बालिकाओं की फॉयल, ईपी, और सेबर इवेंट के मुकाबले होंगे। अधिक जानकारी के लिए मास्टर सईद आलम से 9926268683 पर संपर्क कर सकते हैं।

मां कनकेश्वरी की आकर्षक जीत

इंदौर । आईडीसीए द्वारा आयोजित कर्नल सीके नायडू एक दिवसीय क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत एमकेसीसी एवं इंदौर स्पोर्ट्स के मध्य मैच खेला गया जिसमें एमकेसीसी ने पहले खेलते हुए 46 ओवरो में सभी विकेट खोकर 251 रन बनाए । अभिषेक भंडारी ने 82 रन बनाए । वैभव शर्मा ने 4 विकेट लिए । जवाब में इंदौर स्पोर्टस की टीम 34 ओवरोमें 169 रनों पर सिमट गई और यह मैच 82 रनों के अंतर से हार गई। कुणाल मीणा व अभिषेक मावी ने 3-3 विकेट लिये।

संयोगिता को कराते में येलो बेल्ट

इंदौर । रेनबुकान कराते एसोसिएशन द्वारा पिछले दिनों कराते बेल्ट परीक्षा का आयोजन किया गया । जिसमें आदर्श बौद्धिक स्पोर्ट्स अकादमी की खिलाड़ियों संयोगिता चौहान ने सफलता प्राप्त की सफलता पर आदर्श बौद्धिक हाई सेकेंडरी स्कूल से डायरेक्टर आशीष बिरानी, प्राचार्य सारिका जैन आदि ने संयोगिता को हार्दिक बधाई दी । संयोगिता चौहान को बेल्ट एवं सर्टिफिकेट मास्टर सईद आलम ने प्रदान किया।



मिशिता, अद्वैत, पहल ने जीता बैडमिंटन खिताब

इंदौर । न्यू दिगंबर पब्लिक स्कूल में 5वें इनविटेशनल इंटर-स्कूल बैडमिंटन टूर्नामेंट के तीसरे दिन अलग-अलग स्कूलों के युवा शटलरों के बीच रोमांचक मुकाबले, शानदार प्रदर्शन और कड़ा मुकाबला देखने को मिला। खिलाड़ियों ने अपना टैलेंट, पक्का इरादा और खेल भावना दिखाई, जिसमें अलग-अलग उम्र की कैटेगरी में कई फाइनलिस्ट और सेमीफाइनलिस्ट सामने आए।



अंडर-9 बालिका वर्ग के इंडिविजुअल इवेंट का फाइनल एडवांस स्कूल की मिशिता शर्मा और केंद्रीय विद्यालय की यशी भुमेरकर के बीच खेला गया । मिशिता शर्मा ने 15-14, 15-12 से मैच जीतकर शानदार जीत हासिल की।

अंडर-11 बालक इंडिविजुअल इवेंट में न्यू दिगंबर पब्लिक स्कूल के अद्वैत पाटीदार फाइनल में सेंट रेफियल्स स्कूल के आदविक सोलंकी को हराकर चैंपियन बने। अद्वैत ने 15-09, 15-08 के स्कोर के साथ टाइटल जीता। अंडर-11 बालिका इंडिविजुअल इवेंट में एमरल्ड हाइट्स वर्ल्ड स्कूल की पहल चढ़ोकर ने फाइनल में शिशुकुंज इंटरनेशनल स्कूल, जलारिया कैंपस की अनाया

टेबल टेनिस टीम ने जीता रजत पदक

इंदौर। बी.के. बिड़ला स्कूल, पुणे (महाराष्ट्र) में 12 से 14 नवंबर तक आयोजित 'ऑल इंडिया आई.पी.एस.सी. टेबल टेनिस प्रतियोगिता' में डेली कॉलेज की अंडर-12 बालक टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता है। इस प्रतिष्ठित स्पर्धा में देश की नामी टीमों ने भाग लिया। डेली कॉलेज की टीम से कप्तान आर्यव जैन, अर्जुन मतलानी, सर्वज्ञ शर्मा, राघव सुरेखा और कियान कुकरेजा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए टीम को रजत पदक दिलाया। इसके अतिरिक्त एकल मुकाबलों में भी आर्यव जैन और अर्जुन मतलानी ने कांस्य पदक अपने नाम किया। इस प्रकार डेली कॉलेज की टीम ने कुल 1 रजत पदक और 2 कांस्य पदक अर्जित किए।

राहुल के 13वें शतक से भारत दो विकेट पर 350 रन के पार

पडिक्कल 80 रन बनाकर आउट

बेलिंगटन। पहले टेस्ट में न्यूजीलैंड के 368 रन के जवाब में भारत की पहली पारी जारी है । केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई । फिर राहुल ने पडिक्कल के साथ मिलकर भारत को मजबूत स्थिति में ला दिया। भारत ने अपनी पहली पारी की शुरुआत मजबूत अंदाज में की । यशस्वी जायसवाल 85 रन बनाकर मैट हेनरी का शिकार बने थे। उन्होंने केएल राहुल के साथ पहले विकेट के लिए 130 रन जोड़े। इसके बाद देवदत्त पडिक्कल ने राहुल का अच्छा साथ दिया । दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 165 रन की शतकीय साझेदारी हुई।



पडिक्कल 175 गेंदों पर 80 रन बनाकर काइल जेमीसन की गेंद पर बोल्ड हुए । उन्होंने अपनी पारी में 10 चौके लगाए । राहुल ने एक छोर संभाले रखा और अपना 13वां टेस्ट शतक पूरा किया। भारत ने तीसरे दिन चायकाल तक अपनी पहली पारी में दो विकेट पर 344 रन बना लिए थे । टीम अभी न्यूजीलैंड की पहली पारी के स्कोर से 24 रन पीछे थी । केएल राहुल 124 और शुभमन गिल 36 रन बनाकर नाबाद हैं। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 49 रन की साझेदारी हो चुकी है।





छोटी दिवाली की आतिशबाजी में 17 जगह लगी आग

महूनाका और मल्हारगंज में दुकानें चपेट में आईं, कुम्हारखाड़ी में स्कूल तो मूसाखेड़ी में कार जली

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

देवउठनी ग्यारस की रात शहर में जमकर हुई आतिशबाजी के बीच आग लगने की करीब डेढ़ दर्जन घटनाएं सामने आईं। रातभर अलग-अलग इलाकों से आग की सूचनाएं मिलने पर फायर ब्रिगेड की दमकलों को दौड़ लगानी पड़ी। महूनाका में एक फर्नीचर की दुकान में लगी आग ने बगल की दुकान को भी अपनी चपेट में ले लिया, जबकि मल्हारगंज में एक स्पोर्ट्स की दुकान आग से प्रभावित हुई। गनीमत रही कि इन सभी घटनाओं में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

फायर ब्रिगेड के अनुसार, महूनाका क्षेत्र में मुन्नीबाई पति मांगीलाल वर्मा की फर्नीचर दुकान में आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल टीम मौके पर पहुंची। दुकान घनी बस्ती के बीच होने से आग फैलने का खतरा बना हुआ था और आसपास के रहवासियों में अफरा-तफरी मच गई। दमकलकर्मियों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद लगभग 10 हजार लीटर पानी डालकर आग पर काबू पाया। इस अग्निकांड में पास की दुकान को भी नुकसान पहुंचा।

दूसरी ओर, मल्हारगंज थाना क्षेत्र में राहुल जैन की स्पोर्ट्स दुकान में आग भड़क उठी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब



एक घंटे तक मशक्कत की और 10 हजार लीटर पानी की मदद से आग बुझाई। दमकल विभाग ने बताया कि रातभर मिली ज्यादातर सूचनाएं कचरे और सूखी सामग्री में आग लगने से जुड़ी थीं। कुम्हारखाडी के एमकेवीवी स्कूल में भी आगजनी की घटना हुई है। इसके अलावा मूसाखेडी के मयूर नगर स्थित गली नं.13 में घर के बाहर खडी कार में रात करीब 2.30 बजे आग लग गई। आतिशबाजी के दौरान उठी चिंगारियों के कारण कचरे में आग भड़कने की कई घटनाएं हुईं, जिन्हें बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की टीमें रातभर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय रहीं। कुल मिलाकर कल छोटी दिवाली पर हुई आतिशबाजी के कारण शहर में करीब डेढ़ दर्जन जगहों पर छोटी और बड़ी आगजनी की घटनाएं हुई है।



युवक की मौत पर परिजनों को हत्या की आशंका

सड़क हादसे में गई थी जान, पुलिस कर रही है जांच

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में दस्तूर गार्डन के पास एक 18 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया, जबकि परिजनों ने इस मामले को सड़क हादसा मानने से इनकार करते हुए हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मृतक की पहचान देव पिता सुनील (18 वर्ष) निवासी द्वारकापुरी के रूप में हुई है। घटनास्थल दस्तूर गार्डन के पास बताया जा रहा है। परिजनों ने बताया कि कल जब उन्होंने देव के मोबाइल पर कॉल किया, तो किसी अज्ञात व्यक्ति ने फोन रिसीव किया और देव के साथ हादसा होने तथा उसके घायल अवस्था में पड़े होने की सूचना दी। परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे और देव को उपचार के लिए अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों का कहना है कि यह सामान्य सड़क दुर्घटना नहीं बल्कि हत्या हो सकती है। उनका तर्क है कि सामान्य एक्सीडेंट में शरीर के अन्य हिस्सों पर भी चोटें आती हैं, लेकिन देव के केवल सिर के पिछले हिस्से में चोट लगी है। द्वारकापुरी पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट व अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की गहराई से जांच की जा रही है।

सट्टा गतिविधियों में लिप्त ग्वालियर के 2 युवक गिरफ्तार

इंदौर। तुकोगंज थाना क्षेत्र में सट्टे की गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने रेसकोर्स रोड स्थित आइडिया मल्टी के गेट के सामने से दो युवकों को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 2 मोबाइल फोन जब्त कर मामले में वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। तुकोगंज पुलिस के अनुसार, टीम ने रेसकोर्स रोड स्थित आइडिया मल्टी के गेट के सामने सट्टे की गतिविधियों में लिप्त दो आरोपियों को दबोचा। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अनमोल जोशी निवासी घोसीपुरा, जिला ग्वालियर और मयंक कुशवाह निवासी बहोड़ापुर, जिला ग्वालियर के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के पास से 2 मोबाइल फोन जब्त किए हैं और सट्टा अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर मोबाइल डेटा व नेटवर्क के संबंध में आगे की जांच शुरू कर दी है।

एसिड पीने से गई जान

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। बाणगंगा थाना क्षेत्र के गोविन्द नगर में रहने वाले व्यक्ति ने एसिड पीकर जान दे दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार महेश पिता मनोहर 45 ने एसिड पीकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की।

टक्कर से अज्ञात युवक की मौत

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। बायपास पर फिनिक्स मॉल के समीप सडक दुर्घटना में एक युवक की जान चली गई। बताया जा रहा है कि युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। क्षेत्रीय पुलिस ने युवक की पहचान के लिए परिजनों की जानकारी जुटाना शुरू कर दी है। मर्ग कायम कर जांच भी शुरू कर दी है।

दो लोगों ने फांसी लगाकर की जीवनलीला समाप्त

सॉफ्टवेयर कामकाज से जुड़े युवक और सीमेंट दुकान कर्मचारी ने लगाई फांसी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

शहर के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में फांसी लगाकर खुदकुशी करने के मामले सामने आए हैं। परदेशीपुरा क्षेत्र में किराए के कमरे में रहने वाले एक सॉफ्टवेयर कामकाज से जुड़े युवक का शव फंदे पर झूलता मिला, वहीं आजाद नगर क्षेत्र में एक सीमेंट दुकान कर्मचारी ने दुकान के भीतर फांसी लगाकर जान दे दी। दोनों मामलों में संबंधित थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

पहला मामला परदेशीपुरा थाना क्षेत्र का है, जहां नंदा नगर में रहने वाले अखिल पिता सुरेश (26 वर्ष) का शव कल शाम उसके किराए के कमरे में फंदे पर लटका मिला। मृतक के मौसेरे भाई सुनील ने बताया कि अखिल मूल रूप से रीवा का रहने वाला था और यहां अकेला रहकर अमेरिका की एक सॉफ्टवेयर कंपनी के साथ जुड़कर काम कर रहा था। घटना की सूचना मिलने पर परदेशीपुरा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

वहीं दूसरा मामला आजाद नगर थाना क्षेत्र का है, जहां मूसाखेड़ी निवासी तुलसीराम पिता किशोर (22 वर्ष) ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। परिजनों के अनुसार, तुलसीराम एक सीमेंट की दुकान में काम करता था और पिछले कुछ दिनों से दुकान में ही रह रहा था। आज जब दुकान मालिक और अन्य लोग मौके पर पहुंचे, तो तुलसीराम फंदे पर लटका दिखाई दिया।

दोनों मामलों में परदेशीपुरा और आजाद नगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। पुलिस मृतकों के परिजनों व परिचितों के बयान दर्ज कर खुदकुशी के कारणों का पता लगाने में जुटी है।

सम्पादक : महेश मूंगड़ा। स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन, 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। RNI NO. MPHIN/2005/15582 फोन : 98273-69587 ई-मेल : cityblastindore@gmail.com